Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 207 | मंगलवार, 29 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हंगामा

## सफलता: राजनाथ बोले-100 आंतकी मारकर लक्ष्य पूरा किया

नई दिल्ली।

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सेना ने एक साथ नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादी, उनके ट्रेनर, हैंडलर और सहयोगी मारे गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हो रही बहस के दौरान उसकी सफलता की बात पर जोर दिया। बहस की शुरूआत में रक्षा मंत्री ने कहा कि सबसे पहले मैं इस सदन के माध्यम से देश के उन वीर सपूतों को उन बहादुर सैनिकों को नमन करता हूं, जो इस राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन सैनिकों की स्मृति को भी नमन करता हूं, जिन्होंने भारत की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने के लिए अपना बलिदान दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने छह से सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत दुश्मनों को सबक सिखाया। इसको लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से एक ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया। यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, उसकी अस्मिता, देश के नागरिकों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति का एक असरदार और निर्णायक था।



### वीर सैनिकों ने 22 मिनट में 100 आतंकी को उतारा मौत के घाट

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने एक साथ नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस ऑपरेशन में जैश–ए–मोहम्मद, लश्कर–ए–तैयबा, और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादी, उनके ट्रेनर, हैंडलर और सहयोगी मारे गए। रक्षा मंत्री ने बताया कि ये पूरा ऑपरेशन सिर्फ 22 मिनट में संपन्न हुआ।

## सवाल: विपक्ष ने पूछा संघर्ष विराम क्यो हुआ

नई दिल्ली।

कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने सोमवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोका गया था और पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादी अब तक गिरफ्त से बाहर क्यों हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए। उन्होंने कुछ सैन्य अधिकारियों के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जानकारी दी जानी चाहिए कि पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव में कितने विमान गिरे क्योंकि यह जानकारी सिर्फ जनता नहीं, बल्कि जवानों के लिए भी जरूरी है। समाजवादी पार्टी (सपा) के रमाशंकर राजभर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा यदि सही है तो इसका मतलब है कि हमने सैन्य और कूटनीतिक फैसला लेने की स्वतंत्रता खो दी। सपा के रमाशंकर राजभर ने संसद के निचले सदन में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला हुआ और इसके 17 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया, जबकि देश हमले के तीसरे दिन ही कार्रवाई चाहता था। शिवसेना (उबाठा) के नेता अरविंद सावंत ने सोमवार को लोकसभा में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिए। सावंत ने सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग उस वक्त उठाई जब एशिया कप में 14 सितंबर को भारतीय और पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के बीच मैच प्रस्तावित है। एशिया कप के कार्यक्रम के अनुसार चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान को ग्रुप ए में रखा गया है और वे 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा में पिछले सप्ताह से जारी गतिरोध सोमवार को बरकरार रहा और बैठक को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर दो मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।



26 निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादी अब तक गिरफ्त से बाहर क्यों हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में आज होगा 'मेगा शो'

नई दिल्ली।

संसद में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई। आज भी उस मुद्दे पर सदन में चर्चा होगी। दोनों सदनों इस मुद्दे पर 16-16 घंटे बहस होना तय हुआ। सोमवार को इस मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष की ओर से जबरदस्त वार-पलटवार देखने को मिला। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच लोकसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को समापन भाषण देंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भाषणों की सराहना की जिसमें उन्होंने क्रमशः आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत की वैश्विक पहुंच को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,‛रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी का एक उत्कृष्ट भाषण, जिसमें उन्होंने आपरेशन च्सदूर में भारत के सुरक्षा तंत्र की सफलता और हमारे सशस्त्र बलों के साहस पर एक गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। जयशंकर के भाषण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा,‛विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर जी का भाषण उत्कृष्ट था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खतरे से लड़ने के भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से सुना।

### पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे चर्चा में हिस्सा



## डूंगरपुर में भारी बारिश से बेणेश्वर धाम बना टापू



उदयपुर।

डूंगरपुर जिले में लगातार हो रही बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। सोम, माही और जाखम नदियों में जलस्तर बढ़ने से त्रिवेणी संगम स्थल बेणेश्वर धाम पूरी तरह से टापू में तब्दील हो गया है।

धाम को जोड़ने वाले साबला, गनोड़ा और वलाई पुलों पर 2 से 3 फीट तक पानी बह रहा है, जिससे सभी मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। श्रावण मास का तीसरा सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना थी, लेकिन मार्ग बंद होने से भक्त मंदिर तक नहीं पहुंच सके। मंदिर परिसर में मौजूद पुजारी, होटल कर्मी समेत करीब 50 लोग सुरक्षित हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट पर हैं। थानाधिकारी रघुवीर सिंह व एएसआई ताकत सिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने सभी तीनों पुलों से पहले बैरिकेटिंग लगाकर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए हैं ताकि कोई व्यक्ति जोखिम में पुल पार न कर सके।

### ओवैसी ने सरकार से किए गंभीर सवाल

## 'जब हम पानी रोक रहे हैं, व्यापार नहीं कर रहे, तो क्रिकेट मैच क्यों'

नई दिल्ली।


लोकसभा में आज दोपहर 12 बजे पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी थी। हालांकि, ये चर्चा अपने समय पर नहीं शुरू हो सकी। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर लोकसभा में कुल 16 घंटे की चर्चा की जानी है। इस चर्चा में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। चर्चा की शुरूआत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान अकटकट सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, ‛क्या आपकी अंतरात्मा आपको बैसारन में मारे गए लोगों के परिवार वालों से भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट मैच देखने के लिए कहने की इजाजत देती है? हम पाकिस्तान का 80% पानी रोक रहे हैं, ये कहते हुए कि पानी और खून साथ-साथ नहीं बहेंगे। क्या आप क्रिकेट मैच खेलेंगे? मेरी अंतरात्मा मुझे वो मैच देखने की इजाजत नहीं देती।‛ उन्होंने कहा, ‛क्या इस सरकार में इतनी हिम्मत है कि वो 25 मृतकों को बुलाकर कहे कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में बदला ले लिया है, अब आप पाकिस्तान के साथ मैच देखिए। ये बहुत अफसोस की बात है। पहलगाम किसने किया? हमारे पास 7.5 लाख सेना और केंद्रीय अर्धसैनिक बल हैं। ये चार चूहे कहाँ से घुस आए और हमारे भारतीय नागरिकों को मार डाला? जवाबदेही किस पर तय होगी?



## 1999 में उट पद गंवाने पर खरगे का छलका दर्द

बंगलूरू।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान से कर्नाटक की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। उनकी टिप्पणियों से एक बार फिर दलित मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या राज्य में नेतृत्व बदला जाएगा और क्या कांग्रेस अब किसी दलित नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में 1999 में मुख्यमंत्री न बन पाने की पुरानी बात को याद किया, जिससे कर्नाटक की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या राज्य में नेतृत्व बदला जाएगा और क्या कांग्रेस अब किसी दलित नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है। दरअसल, खरगे ने रविवार को विजयपुरा में एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने 1999 में सीएलपी नेता के रूप में पार्टी को सत्ता में लाने के लिए खूब मेहनत की थी।



# राम मंदिर के लिए हिंदुओं के साथ मुस्लिमों ने भी दिया चंदा

देहरादून।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर हिंदुस्तान के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। न्यायालय की लंबी लड़ाई के बाद मिली जीत के बाद मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने करीब 10 करोड़ लोगों से संपर्क किया और 42 दिन चले अभियान के बाद देश की जनता ने तीन बैंकों में तीन हजार करोड़ रुपये एकत्र किए। मंदिर के लिए हिंदुओं के साथ ही सैकड़ों मुसलमानों ने भी अपनी सहयोग राशि दी। मिजोरम मे रहने वाले ईसाइयों ने चंदा दिया। एक कार्यक्रम में देहरादून पहुंचे चंपत राय ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक छह करोड़ से अधिक लोगों ने दर्शन किए हैं। अयोध्या में करीब तीन हजार मंदिर भगवान श्रीराम के है, लेकिन अयोध्या में निर्मित यह मंदिर 500 वर्ष चली लड़ाई के बाद मिला अनमोल हीरा है। उन्होंने बताया कि विदेशियों की ओर से तोड़े गए इस मंदिर के लिए वर्ष 1528 के बाद इस मंदिर के लिए कई लड़ाइयां लड़ी गई। मंदिर निर्माण कर उस अपमान का बदला लिया गया और भगवान श्री राम का मंदिर बनाया।



## संपादक की कलम से

# ये मौत के मंदिर


ललित शर्मा
संपादक

क्षमा करें, हम आपकी आस्था का अपमान नहीं कर रहे हैं और न ही उसे क्षुद्र मान रहे हैं। आपके मन में किसी भी आराध्य–देव के प्रति आस्था है, लिहाजा आप दर्शन करने मंदिरों और तीर्थ–स्थलों तक जाते हैं। हमारी जिज्ञासा और सवाल ये हैं कि ऐसी तीर्थ–यात्रा, आराध्य–देव के दर्शन मौत में तबदील क्यों हो जाते हैं? भगदड़ के हादसे क्यों होते हैं? आराध्य–देव के मंदिर इतने दुर्गम, दुर्लभ और ऊबड़–खाबड़, संकरे रास्तों के पार ही क्यों स्थित हैं? क्या ईश्वर अपने भक्तों, श्रद्धालुओं की निरंतर परीक्षा लेते रहते हैं? क्या ये मौतें भी इनसान की नियति ही हैं? ये सवाल आपकी आस्था को खंडित करने वाले नहीं हैं। प्रभु तक पहुंचने वाले रास्ते सुगम, सरल, सहज भी हो सकते हैं। अब हरिद्वार के माता मनसा देवी के मंदिर में भगदड़ मची है, जिसमें 8 मासूम, बेगुनाह प्राणियों की मौत हो गई और 30–40 लोग घायल बताए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि 5 घायल गंभीर बताए गए हैं। एक संकरे रास्ते में 200–300 लोगों की भीड़ आपस में ऐसे चिपक गई थी कि सांस लेना दूभर था। ऐसे में ही भगदड़ मची और मौतें हुईं। दरअसल जहां भीड़ अनियंत्रित हो जाती है अथवा भीड़–नियंत्रण का प्रशिक्षण हमारी पुलिस और प्रशासन को प्राप्त नहीं है, उन स्थलों पर भगदड़ के हादसे अपरिहार्य हैं। वह महाराष्ट्र का मांडहर देवी मंदिर (300 मौतें), राजस्थान का चामुंडा देवी मंदिर (224 मौतें), केरल का सबरीमाला मंदिर (106 मौतें), मप्र का रतनगढ़ माता मंदिर (115 मौतें), झारखंड का बैद्यनाथ धाम (11 मौतें), जम्मू का माता वैष्णो देवी मंदिर (12 मौतें), बिहार का बाबा सिद्धनाथ मंदिर (7 मौतें), प्रयागराज महाकुंभ (30 मौतें) और तिरुपति मंदिर, कामाख्या मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर आदि की लंबी सूची है। इन मंदिरों में असंख्य लोग अपनी–अपनी आस्था के मद्देनजर जाते हैं, लेकिन अव्यवस्था, अनियंत्रित भीड़, लापरवाह और संवेदनहीन पुलिस के कारण भीड़ में कुचले जाते हैं और जिंदगी पर पूर्णविराम लग जाता है। इन मंदिरों के परिसरों में आराध्य–देव का दैवीय चमत्कार क्यों नहीं होता, ताकि भक्त, श्रद्धालु कमोबेश भगदड़ में फंस कर न मरें। हम उप्र के हाथरस में 2 जुलाई, 2024 को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ को भूल नहीं सकते, जिसमें 121 लोग मारे गए थे। उनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। क्या बाबा को दंड मिला? हम यही सवाल अन्य भगदड़ों के संदर्भ में कर रहे हैं कि हर हादसे के बाद न्यायिक जांच की घोषणा तो की जाती है, लेकिन कितनी जांचों की रपट सार्वजनिक की गई? कितने दोषी और जवाबदेह चेहरों को जेल में डाला गया? जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक का सिर्फ तबादला किया जा सकता है। उससे अधिक अधिकार सरकार के पास नहीं होते। अफवाह भी एक अपराध है, जो हादसों को जन्म देती है। मनसा देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। किंवदंती है कि यहां माता सती का मस्तिष्क गिरा था। माता सती को मां पार्वती का पूर्व जन्म माना जाता है, लिहाजा इस मंदिर की मान्यता बहुत है। दरअसल सवाल व्यवस्था का है। मंदिर का ट्रस्ट मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपए का मुआवजा दे सकता है, लेकिन संकरे रास्ते को कॉरिडोर में तबदील नहीं होने देगा। हम श्रद्धालुओं से भी सविनय आग्रह करते हैं कि वे अपनी देखभाल खुद करना सीखें। बच्चों को ऐसे भीड़भाड़ वाले स्थलों पर न लाएं। यह भक्ति का मामला है, न कि आप पर्यटन पर जा रहे हैं। यदि एक संकरे रास्ते पर कई गुना भीड़ देख रहे हैं, तो प्रतीक्षा करें। अवकाश के दिन दर्शन करने मत जाएं। आराध्य–देव के लिए सभी दिन शुभ और समान हैं। जब भीड़ कम हो, तो मंदिर के रास्ते पर कदम बढ़ाएं। यह आस्था और श्रद्धा का भी मामला है। आराध्य–देव घर बैठे भी आपकी आस्था को स्वीकार कर सकते हैं। श्रद्धालु खुद भीड़ का नियंत्रण करना सीख लें।

## मनसा का मातम

# अफवाह बनी त्रासदी की वजह




ललित गर्ग

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, रविवार की सुबह एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हजारों श्रद्धालु संकीर्ण सीढ़ीदार मार्ग से मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही अचानक करंट लगने की अफवाह ने अफरा-तफरी का माहौल बनाया, श्रद्धालु घबराहट में एक-दूसरे पर गिरने लगे और कुछ ही पलों में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि करीब तीस श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर थी। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, उसका दर्द समूचा देश महसूस कर रहा है। प्रश्न है कि पुलिस का बंदोबस्त कहां था? श्रद्धालुओं की मौत एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। मनसा के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। हाल ही में पुरी में भगदड़ जानलेवा साबित हुई। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल जनवरी की शुरूआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती बनता रहा है। वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा के ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं। क्या इस तरह की अफवाह को रोका नहीं जा सकता था? हमारा प्रशासन कोई अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है अथवा यह कि संबंधित अधिकारी यह जानते हैं कि कैसी भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। आखिर हम दुनिया के अन्य देशों से कोई सबक सीखने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि क्या धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की कोई ठोस और वैज्ञानिक व्यवस्था है? मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियां, संकरे रास्ते और अव्यवस्थित दुकानों के बीच का क्षेत्र लंबे समय से भीड़भाड़ के लिए जाना जाता है। फिर भी वहां कोई स्थायी सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए? अफवाह पर नियंत्रण के लिए कोई त्वरित सूचना तंत्र नहीं था, न ही भीड़ को दिशा देने के लिए पर्याप्त पुलिस बल या मार्गदर्शन की व्यवस्था थी। इस तरह की घटनाएं केवल अफवाह का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि यह व्यवस्था की कमजोरियों एवं कोताही का परिणाम होती हैं। तीर्थस्थलों पर नियंत्रित प्रवेश, डिजिटल टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन निकासी मार्ग, और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य होनी चाहिए। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से रह रहकर होती रहती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। मृतकों में उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के लोग शामिल थे। उनमें छह वर्षीय बच्चा आरुष, किशोर और बुजुर्ग तक शामिल थे। उनके परिवारों पर अचानक दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान बचे हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि भीड़ इतनी घनी थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। मनसा देवी मंदिर की यह घटना हमें याद दिलाती है कि भीड़ सिर्फ भक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि अगर उसे सही दिशा और सुरक्षा नहीं दी जाए तो वह भयावह त्रासदी में बदल सकती है। यह समय है कि प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट और समाज मिलकर ठोस कदम उठाएं ताकि आस्था के केंद्र जीवन के लिए खतरा न बनें। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ। बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। अच्छा यह होगा कि सरकारें भगदड़ की घटनाओं को लेकर प्रशासन को सच में जवाबदेह बनाना सीखें। इसके साथ ही आम लोगों को भी जापान जैसे देशों के लोगों से अनुशासन की सीख लेनी होगी।

## उदय किशोर साह



### हे त्रिपुरारी

कविता

कैलाश पर्वत पे बैठे हैं त्रिपुरारी
बसहा बैल है जिनकी सवारी
गरल पान है इनको ही प्यारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

फूल बेलपात है इनका प्रसाद
भंग धतुरा भी लेते हैं साथ
भूत पिचास से है इनकी यारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

देवो में देव हैं हमारे महादेवा
रे बालक कर भोले की सेवा
सर्प की माला में भोले भंडारी
झूम के नाचे शंकर संग गौरी

मस्तक पे चन्दा का है। वास
जटा में है माँ गंगे की निवास
हाथ में शोभे त्रिशूल है बड़ी भारी
झूम के नाचे शंकर संग महागौरी

मृगछाला है इनका प्रिय. पहिरावा
भक्तों के घर आते हैं जब हो बुलावा
आते हैं अर्शिवचन ले बसहा सवारी
झूम के नाचे हैं भोले शंकर संग गौरी

# रामनगरी अयोध्या में शर्मसार हुई मानवता-80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को संभवतः परिवार वाले लावारिस फेंककर भागे- सीसीटीवी में कैद, जोरदार छानबीन शुरू

*वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा संस्कारी सभ्यता का प्रतीक सर्वधर्म समभाव महा मानवों का देश है जहां, माता–पिता बड़े बुजुर्गों की आज्ञा को ऊपरवाले की रजा व आदेश मानने वालों का यह देश आज पाश्चात्य वैचारिकता की ओर बढ़ गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र जब तीन दिन पहले प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग माँ के परिजनों द्वारा उसे सड़क के कोने में फेंक कर भागने व 25 जुलाई 2025 को उन्हें अस्पताल में बचाने की काफी कोशिशें के बावजूद उसकी मृत्यु हो गई, मां को फेंक भागने का वीडियो देखकर भारत के संस्कारी लोगोंका दिल पसीज गया, मैं भी सीसीटीवी वीडियो देखकर रो पड़ा, फेंकने वाले संभ्रात परिवार के दो महिला व एक पुरुष दिखाई दे रहे हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक ऑटो से आए थे, बुजुर्ग मां को एक ने दोनों हाथो व दूसरे ने दोनों पैरों से पड़कर रोड किनारे फेक कर उसको चादर डालकर भाग गए। मेरा मानना है यह सीसीटीवी वीडियो देखकर सबका खून खौल उठा होगा।*


गोंदिया

संसद का मानसून सत्र चल रहा है, जो 21 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस आर्टिकल के माध्यम से मैं केंद्र सरकार व सभी पार्टीयों के सभी राज्यसभा व लोकसभा सांसदों से हृदयपूर्वक मार्मिक अपील करना चाहता हूं कि, ताबतोड़ इसी हफ्ते संसद में माता-पिता सीनियर सिटीजन (अत्याचार अपमान व दुर्व्यवहार निवारण) विधायक 2025 बनाकर पेश करें, व सभी मिलकर लोकसभा में 543/0 व राज्यसभा में 245/0 के रिकॉर्ड तोड़ समर्थन से यह बिल पारित कर पूरे विश्व में एक उदाहरण पेश करें, तो भारत सहित पूरी दुनियाँ खुश हो जाएगी। मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि आज भारत भले ही युवाराष्ट्र है, परंतु एक रिपोर्ट के अनुसार 25 वर्षों के बाद भारत में 60 प्लस की संख्या अधिक होगी, जिसमें आज के सभी युवा शामिल होंगे। आज बुजुर्गों की स्थिति यह है कि 77 पेर्सेंट बुजुर्गों के साथ भावनात्मक मौखिक दुर्व्यवहार, 24 पेर्सेंट से शारीरिक दुर्व्यवहार होता है, तो 27 पेर्सेंट आर्थिक शोषण व 50 पेर्सेंट की उपेक्षा होती है। आज वर्तमान कानून

माता-पिता वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण (संशोधित) अधिनियम 2019 व 2007 में बनाए गए माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं, क्योंकि आज करीब 12 पेर्सेंट बुजुर्गों को ही इन कानूनों के बारे में जानकारी है, ऐसी रिपोर्ट कहती है। मेरी अपील है कि मेरे द्वारा सुझाए गए उपरोक्त विधेयक में हत्या सामूहिक रेप व देशद्रोह की धाराओं के समतुल्य सजा का प्रावधान करना जरूरी हो गया है। अयोध्या एसपी का इंटरव्यू मैंने देखा तो पता चला पूरी तेज रफ्तार से जांच जारी है। 25 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं अनेक पुलिस टीमें बनाई गई है, परंतु मेरा मानना है, आरोपी पकड़े जाने के बाद भी कानून की खामियों से शीघ्र ही जमानत व केस ट्रायल होने के बाद पूरी तरह छूट जाने की संभावना है, जिसका संज्ञान माननीय सभी सांसदों को लेना चाहिए, व सभी राज्यों को भी अपने-अपने स्तर पर एक सख्त कानून बनाने की जरूरत है। चूँकि रामनगरी अयोध्या में शर्मसार हुई मानवता, 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को संभावित परिवार वालों ने लावारिस फेंककर भागे, सीसीटीवी में कैद हुई हृदय विधायक घटना, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में बुजुर्गों का तिरस्कार कब खत्म होगा? राम शर्मिंदा है, अयोध्या में संभावित परिवारजनों द्वारा सड़क पर माँ को फेंक भगा निकले, माँ दम तोड़ गई।

साथियों बात अगर हम 24 जुलाई 2025 को 1.50 एएम अयोध्या में हुई माँ को लावारिस फेंक भागने की घटना की करें तो, आज पूरे देश में अयोध्या की चर्चा हो रही है, लेकिन आज अयोध्या की चर्चा भगवान राम के लिए नहीं बल्कि एक बुजुर्ग महिला की वजह से हो रही है, जिसे कुछ लोगों ने अयोध्या में लावारिस छोड़ दिया और कुछ ही घंटे बाद उसकी मौत हो गई। ये घटना 23 जुलाई की देर रात 1 बजकर 50 मिनट की है। जब अयोध्या के दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के पास रात के अंधेरे में संभवतःपरिवार वाले 80 वर्ष की इस बुजुर्ग महिला को लेकर आए और उसे सड़क किनारे फेंककर चले गए। ये पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा से उतारकर वहां से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अयोध्या के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) ने कहा, अब तक की जांच में पता चला है कि बुजुर्ग महिला को उसके रिश्तेदार देर रात ई-रिक्शा में लाए थे, और फिर उसे सड़क किनारे छोड़कर चले गए। सूचना मिलने के बाद, पुलिस महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

साथियों बात अगर हमसीसीटीवी कैमरों व पुलिस जांच की करें तो, सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा में लाकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया। ई-रिक्शा में सवार लोग उसके ऊपर कंबल डालकर तुरंत वहां से चले गए। एसपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। अभी तक करीब 25 किलोमीटर का दायरा सीसीटीवी के जरिए चेक कर लिया गया है जल्द ही ई रिक्शा चालक और परिजन का पता लगा लिया जाएगा जिस इलाके में ये वारदात हुई वहा के स्थानीय लोगो का कहना है कि ये इलाका सुल्तानपुर गोंडाबहराइच और अम्बेडकरनगर को जोड़ता है ऐसे में संभावना है कि यह लोग इन जिलो से भी आए होंगे, स्थानीय लोगो ने इस पूरे वारदात की अत्यंत कड़ी निंदा की है।

साथियों बात अगर हम साथियों बात अगर हम सूचीगत जातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2019 के समकक्ष माता-पिता बुजुर्गों के सम्मान के लिए कानून बनाने की करें तो जिस तरह सामाजिक सौहार्दपूर्णता समानता को कायम रखने के लिए स्ट्रासिटी (अमेंडेड) कानून 2019 बनाया गया है, जिसका डर हमेशा उपद्रवी लोगों में बना रहता है या फिर कभी नए फौजदारी अधिनियम 2023 में क्राइम को रोकने अनेक धाराओं का डर लोगों में बना हुआ है उसी तर्ज पर मेरा सुझाव है कि संसद के 21 अगस्त 2025 तक चलने वाले मानसून सत्र में माता-पिता बुजुर्गों के साथ होने वाली क्रूरता दुष्टपरिणाम द्रुव्यवहार अपमान व दुत्कार पर लगाम लगाने के लिए माता-पिता वह वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार व्यवहार व दुराचार) विधेयक 2024 बनाकर पेश किया जाए जिसे सभी पार्टियों एक मत होकर 544/0 मतदान से पारित करेंगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। साथियों बात अगर हम प्रस्तावित कानून में माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2024 की जरूरत की करें तो, हमारा देश महान संतानों की भूमि है, यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम 2019 की करें तो, प्रावधान-धारा 2 डी के तहत इन्हें मिलेगा फायदा, जन्मदाता माता-पिता, दत्तक संतान ग्रहण करने वाले, सौतेले माता और पिता-धारा 2 (जी) उनके लिए जिनके बच्चे नहीं- अधिनियम की ये धारा उनके लिए हैं, ऐसे में उनके भरण पोषण की जिम्मेदारी वे संबंधी उठाएंगे जो उनकी संपत्ति के हकदार हैं।

साथियों बात अगर हम माता-पिता वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण (संशोधित) अधिनियम 2019 को बनाने की जरूरत की करें तो, अपने ही देश, समाज और घर परिवार में बेगाने होते जा रहे बुजुर्गों की स्थिति पर उच्चतम न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है. शीर्ष अदालत ने दिसंबर, 2018 में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि बुजुर्गों के हितों की रक्षा के लिए 2007 में बनाये गये माता पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कानून के प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे किरामनगरी अयोध्या में शर्मसार हुई मानवता- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को संभवतःपरिवार वाले लावारिस फेंककर भागे- सीसीटीवी में कैद, जोरदार छानबीन शुरू, भारत में बुजुर्गों का तिरस्कार कब खत्म होगा? - राम शर्मिंदा है, अयोध्या में संभावित परिजनों द्वारा माँ को सड़क पर फेक भाग निकले- मां दम तोड़ गई, अयोध्या में परिवार द्वारा सड़क पर फेंकी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कीमौत-सीसीटीवी वीडियो देखकर देश का दिल पसीजा-मैं भी रो पड़ा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विश्व हेपेटाइटिस के अवसर पर सदर अस्पताल ने दी रामपुर को नई सौगात

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुरःविश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रामपुर ने एक नई सौगात रामपुर वासियों को दी है।इस सौगात से जहां आम लोगों को राहत मिलेगी वहीं रामपुर के गरीबों को भी फायदा होगा।रामपुर में विश्व हेपेटाइटिस बी और सी के मरीजों की काफी संख्या है।याद रहना चाहिए पहले मरीज को हेपेटाइटिस के इलाज के लिए मेरठ जाना पड़ता था और उन्हें कई दिनों का इंतजार करना पड़ता था।ऐसे में मरीजों के सैंपल या तो सूख जाते थे या बदल जाते थे अथवा दूरी के कारण पहुंचने में देर भी लगती थी तो वह खराब भी हो जाते थे।इसमें मरीजों का काफी पैसा भी बर्बाद होता था।इस तरह मरीजों को अपना इलाज कराने में एक से दो महीने तक लग जाते थे। प्राइवेट में इसका इलाज काफी महंगा होने की वजह से लोगों को बहुत परेशानियों का सामना था। सदर अस्पताल रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री डॉक्टर देवेंद्र कुमार वर्मा जहां सदर अस्पताल रामपुर के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।वहीं उन्होंने आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर रामपुर वासियों को एक नई सौगात देकर उनका दिल जीत लिया है।अब मरीजों को ना दूर जाना पड़ेगा और ना ही परेशानियां झेलने होंगी। सदर अस्पताल में ही हेपेटाइटिस बी ओर सी का ट्रीटमेंट आसानी के साथ हो जाएगा।सदर अस्पताल रामपुर में चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर डी के वर्मा ने हेपेटाइटिस की आर एन ए मशीन का उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ डी के वर्मा ने बताया कि आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस है जो हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है।इस दिन को हम डॉ. बारूक ब्लमबर्ग के जन्मदिन के सम्मान में मनाते है, जिन्होंने 1967 में हेपेटाइटिस बी वायरस की खोज की थी और इसके लिए नोबेल पुरस्कार जीता था. इस दिन का उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है,जिसमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई शामिल हैं. इसी लिए हमने आज से सदर अस्पताल में ऐसे मरीज जिन्हें हेपेटाइटिस बी और सी की परेशानी है उनकी जांच शुरू कर दी है।उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में अगर व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी आता है तो उसका इलाज सदर अस्पताल में होगा। सदर अस्पताल में हेपेटाइटिस की जांच को लेकर हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। सदर अस्पताल रामपुर में जो मशीन लाई गई है उसकी सबसे अहम खासियत यही है कि इस मशीन में एक साथ 24 घंटे में 24 मरीजों की जांच का करके 24 घंटे में उसे जांच उपलब्ध करा दी जाएगी। सदर अस्पताल में आज से पैथोलॉजी में 24 घंटे हेपेटाइटिस बी और सी की जांच का सैंपल लिया जाएगा।अस्पताल का हर डॉक्टर यह जांच लिख सकता है। उन्होंने बताया कि पहले यह जांच कुछ डॉक्टर के द्वारा ही लिखी जाती थी मगर अब ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि जो दवाइयां ?50000 की कीमत में प्राइवेट में मिलती थी वह सब अब अस्पताल में मुफ्त मिलेंगी। चीफ मेडिकल सुपरीटेंडेंट के अनुसार अगर किसी मैरिज में हेपेटाइटिस आता है तो उसे दो डब्बे दवा के दिए जाते हैं जिस की एक-एक गोली रात को खाई जाती है।तीन माह के इस कोर्स के बाद भी मरीज के लिए जरूरी है कि वह अपनी 6 महीने में हेपेटाइटिस की जांच जरूर करा लें।

# जनसेवा समिति ने रामपुर में हो रहीं अंधाधुंध बिजली कटौती के विरोध में एक्सईन को ज्ञापन सौंपा



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर**। जनसेवा समिति ने रामपुर में हो रहीं अंधाधुंध बिजली कटौती के विरोध में एक्सईन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर एक्सईन को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने कहा कि शहर के अधिकतर बिजली घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती हैं। इस भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर जितने भी लगाये गये हैं उनके अभी तक बिल नहीं निकल पाये हैं। लोगों को दो-दो महीने हो चुके हैं लेकिन बिल निकालने के लिए कोई नहीं आ रहा हैं। लोगों के खराब बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं जिनको ठीक कराने के लिए वह दर-दर की ठोकरे खो रहे हैं। इस मौके पर एक्सईन पीके शर्मा ने आश्वसन दिया कि इस पर शीघ्र ही सुधार नजर आयेगा और सभी बिजली घर के एसडीओ के लिए आदेशित किया गया हैं कि ट्रिपिंग और आपूर्ति समस्या पर तत्काल सुधार का कार्य करे। इस मौके पर हारिस शमसी, सिराज शमसी, सनी गुप्ता, नजमी खान, हारून खान, वसी खान, शहाब खान, फैजान खान, मनमीत सिंह, उमैर अहमद, मुजम्मिल खान, शीबू खान, मुकर्रम मियां, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

# विश्व शांति एवं आम जनमानस कल्याण की कामना हेतु किया रुद्राभिषेक



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव**। स्वर्णकार संघ बलदेव द्वारा विश्व शांति एवं आम जनमानस के कल्याण हेतु जटोरा स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया।आचार्य मनीष गगार्चार्य ने मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक कराया। इस दौरान विश्व कल्याण की कामना की गई। सभी ने हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए भगवान शिव की आराधना की। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने बताया कि सावन का माह पावन होता है। भगवान शिव शक्तियों के स्त्रोत हैं और उनसे ही विश्व का कल्याण होता है। विश्व शांति और आम जनमानस के कल्याण के लिए रुद्राभिषेक एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। यह भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का एक शक्तिशाली तरीका है। रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान शिव का अभिषेक करना, जो रुद्र के रूप में भी जाने जाते हैं। इस अवसर पर दीपक सोनी, बबलू सोनी, दिलीप वर्मा, मोहित सौनी, श्याम वर्मा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भारत सरकार की योजनाओं को समर्पित रही माय भारत द्वारा आयोजित कार्यशाला : रोमियो मयूर

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर** : मेरा युवा भारत बिजनौर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नहटौर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, गर्ल्स एजुकेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष देव प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यशाला में नीलकंठ रिजरेंट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. गौतम सिंह लम्बरदार (एम.डी.) ने आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता और इसके लाभार्थियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। एडवोकेट राजीव त्यागी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत समाज में स्वच्छता की आवश्यकता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। शिक्षाविद् डी.एस. चौहान ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से इनका लाभ उठाने की अपील की। प्रधानाचार्य बबीता रानी ने बालिका शिक्षा पर बल देते हुए इसे सामाजिक सशक्तिकरण की कुंजी बताया। वहीं सुहैल डिजाइनर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें प्रेरित करना था कि वे इन योजनाओं का लाभ लें और समाज को सशक्त बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में अनेक युवा, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम आयोजक शुभम वालिया व अध्यक्षता एम टी सी ए पब्लिक स्कूल नहटौर के प्रबंधक आफताब सिद्दीकी ने की उसके उपरांत युवाओं को माय भारत पोर्टल के रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी गई और साथ ही शुभम वालिया व रोमियो मयूर द्वारा अतिथियों समाज सेवियो को सम्मान पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सनी चंद्रा, नितिन शर्मा, सतवेंद्र गुजराल, अर्पित त्यागी, बबीता, डॉ. रीना, डॉली रानी, संध्या शर्मा, मिनाक्षी, मिनाक्षी रानी, तिलकराम, परवेज अहमद, श्रीपाल सिंह, रूखसार परवीन, शालिनी परवीन, रुहाना, रूबर रहमान, अनुपम शर्मा, सलोनी रानी विशेष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय परिसर जहरीली पटना गो घुसने से छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद**। प्राथमिक विद्यालय ग्राम कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी में उसे समय हड़मंप मच गया।जब विद्यालय परिसर में जब एक जहरीली पटना गो घुस गई। पटना गो के विद्यालय प्रांगण में घुस जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई।आनन फानन में ग्रामवासी स्कूल में पहुंचे और इस को मौके से भगाया परन्तु गो हमलावर हो गई जिसपर बहादुरी दिखाते हुए युनुस के साथ कई ग्रामीणों ने पटना गो को मारकर स्कूल के बच्चों को भयमुक्त किया यदि समय रहते इसको स्कूल से न हटाया जाता तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे।आज जब स्कूल खुला तो विद्यालय में बच्चे आने शुरू हो गए।प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक भी पहुंच चुके थे।अचानक इस पर जैसे ही नजर पड़ी तो बच्चों ने शोर मचाया, और विद्यालय का स्टाफ और ग्रामीण स्कूल की तरफ दौड़ पड़े।प्राथमिक विद्यालय कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी ब्लॉक नजीबाबाद के स्कूल कैम्पस आंगनबाड़ी कक्ष के गेट के कमरे में घुसने का खतरनाक पटना गो घुसने का प्रयास कर कर रही थी।इसे देखते ही बच्चों और स्टॉफ में अफरा तफरी सी मच गई इसके बाद बच्चों में दहशत का माहौल बना हुआ है।ज्ञात हो कि अधिकतर प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण इलाकों में जंगल के निकट बने होते हैं और सरकार की तरफ से स्कूलों के चारों तरफ कोई साफ सफाई नहीं होती, और न ही कोई सफाई कर्मी तैनात नहीं होता है ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी स्कूल में झाड़ू तक लगाने में हिल ले बहाने दिखाते है बताया जाता है कि इस विद्यालय में 104 बच्चे नामांकित है, और इसी कैंपस में दो आंगन बाड़ी केंद्र संचालित है जिनमें लगभग 55 बच्चे नामांकित हैं, इतनी संख्या में बच्चे होने के बाद इन बच्चों के भविष्य को लेकर विभाग या जिला प्रशासन गंभीर नहीं है सिर्फ प्राथमिक विद्यालय खाईखेड़ी ही नहीं अधिकतर सरकारी स्कूलों में साफ सफाई का यही आलम है जिससे कुल मिलाकर स्कूल के बच्चों के अभिभावकों में बच्चों को स्कूल भेजने में दहशत और खौफ बना रहता है जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं

# रोमियो मयूर सुमित सैनी ने किया स्योहारा डांस स्टूडियो का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर** : तहसील के कस्वां स्योहारा मे स्योहारा डांस स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। स्योहारा छेत्र की प्रतिभाओ को अब स्योहारा मै ही डांस सिखने का मौका मिलेगा। स्योहारा डांस स्टूडियो का उद्घाटन जनपद के मशहूर कोरियोग्राफर रोमियो मयूर धामपुर डांस स्टूडियो, कोरियोग्राफर सुमित सैनी ने फीता काटकर किया उद्घाटन समाहरोह मै रोमियो मयूर ने कहा कि अब स्योहारा डांस स्टूडियो के माध्यम से दीपक जुगली आकश जोशी दिनेश कुमार रेशव जोशी द्वारा बच्चों को डांस सिखाया जायेगा। और इन्हे स्टेज शो और टीवी शो मे जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि डांस एक ऐसी कला है जिसे सिखने से शरीर स्वस्थ रहता है उन्होंने कहा स्टूडियो के माध्यम से स्योहारा की प्रतिभाएं डांस मे निखारी जायेगी। उन्होंने स्योहारा के अभिवाको से डांस स्टूडियो मे भेजने की मांग की इस मोके पर सुमित सैनी ने भी स्योहारा स्टूडियो की सहराना करते हुऐ दीपक जुगली को बधाई दी। इस मोके पर रोमियो मयूर सुमित सैनी ने बच्चों को डांस के टिप्स दिये इस मोके पर दिनेश कुमार कपिल अभिषेक हितेन्दर सहित दर्जनों बच्चे मौजूद रहे।

# ड्रोन अफवाहों को लेकर सीओ नगीना ने की ग्रामवासियों के साथ गोष्ठी, दी जागरूकता की सीख



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना**। थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काजीपुरा इम्मा एवं ग्राम बेलड़ी में सोमवार को क्षेत्राधिकारी नगीना द्वारा ग्रामीणों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान गांव में फैल रही ड्रोन से संबंधित भ्रामक सूचनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। गोष्ठी में सीओ नगीना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों कुछ असामाजिक तत्व ड्रोन के नाम पर अफवाहें फैलाकर माहौल को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक किसी भी संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है और यह महज अफवाह है। सीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि गांव में कोई भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या वस्तु नजर आए, अथवा ड्रोन जैसी कोई उड़ती वस्तु दिखाई दे, तो बिना घबराए तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें। पुलिस हर शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करेगी उन्होंने यह भी कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ग्रामवासियों को पुलिस से सहयोग बनाए रखने और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि किए कोई भी सूचना साझा न करने की सलाह दी गई। गोष्ठी में स्थानीय पुलिसकर्मी, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

# अब हर सोमवार भी चक्कर रोड स्थित पेरिस गार्डन के निकट लगेगा पशु बाजार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर**। बिजनौर में सोमवार 28 जुलाई को पशुपालकों और व्यापारियों को बड़ी राहत देने के लिए ठेकेदार हनीफ कुरेशी की जमीन पर सोमवार को साप्ताहिक पशु बाजार का भव्य शुभारंभ हुआ। पेरिस गार्डन के निकट चक्कर रोड पर आयोजित इस बाजार का उद्घाटन कारी हन्नान, मौलाना डॉ. फुरकान मेहरबान अली मदनी एवं ठेकेदार हनीफ कुरेशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक व्यापारी, समाजसेवी और आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी कदम बताया। व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र में दो दिन पशु बाजार लगने से व्यापारियों को काफी मदद मिलेगी। पहले क्षेत्र में सदुपुरा जलालपुर रोड पर पशुओं का मंगल बाजार लगता था। परंतु अब सोमवार का भी पशु बाजार लगने से व्यापारियों को दो दिन पशु खरीदने और बेचने का फायदा मिलेगा। साथ ही, बाहर से भी व्यापारी यहां अपने पशु लेकर आएंगे, जिससे बाजार को व्यापक पहचान मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजक ठेकेदार हनीफ कुरेशी ने कहा, हमारा उद्देश्य पशुपालकों और व्यापारियों को एक बेहतर और सुविधाजनक मंच प्रदान करना है।₹ उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों और आम नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ी है।

# स्ट्रांग रूम व वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण सम्पन्न, व्यवस्थाओं को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर**। 28 जुलाई 2025 को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम एवं झंडापुर स्थित वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, वेंटिलेशन तथा अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण टीम द्वारा स्ट्रांग रूम में ईवीएम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, सीलिंग, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति एवं रजिस्टरों के रखरखाव की जांच की गई। वहीं वीवीपैट वेयरहाउस में मशीनों के रखरखाव, साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्ट्रांग रूम और वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। विद्युत आपूर्ति और बैकअप व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए, तथा साफ-सफाई एवं नियमित निगरानी की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी या व्यवस्थागत समस्या न हो, इसके लिए समय-समय पर चेकिंग एवं मेंटेनेंस सुनिश्चित किया जाए निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, चुनाव शाखा से जुड़े कर्मचारी एवं सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# जोखिम भरे पुलिया एवं रपटों पर आमजन की आवाजाही पर प्रभावी तरीके से लगाएं रोक - जिला कलक्टर

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान** ।जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि मानसून को देखते हुए जोखिम भरे पुलिया, रपटों पर आमजन की आवाजाही पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाएं।जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति रखने, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समय सीमा में निस्तारण करने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सभी विभाग लक्ष्यानुसार पौधारोपण कर मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करते हुए विभागीय कार्मिकों द्वारा व्यापक रूप से एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करवाएं। साथ ही नगर परिषद जल भराव क्षेत्रों में फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करे। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित कर निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षति ग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत एवं गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाए। आयोजन से जुड़े अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने समारोह स्थल पर बैठक, पेयजल, टेन्ट, साउंड सिस्टम, निमंत्रण पत्र, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, परेड सहित सभी तैयारियों की पूर्व समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर वितरित की जाने वाली मिठाई का रसद विभाग द्वारा टेस्टिंग करवाकर ही वितरित किया जाए। उन्होंने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों व प्रमुख चौराहों पर रोशनी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए।राष्ट्रीय पर्व तथा इसकी पूर्व संध्या पर शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आवेदन भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करते हुए दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें। जर्जर राजकीय भवनों एवं विद्यालयों के संबंध में दिए निर्देश - उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों की सुरक्षा हेतु एहतियातन निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित स्कूल व अन्य सार्वजनिक भवनों का गहन सर्वे कर जर्जर इमारतों, कक्षों व स्थानों का पता लगाया जाए। उनकी मरम्मत तुरंत करवाई जाए। जो भवन अत्यधिक खराब है, वहां से विद्यार्थियों को दूर रखा जाए। जहां आमजन का आना-जाना ज्यादा रहता है वहां भी इन निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

# भारत में यदि शरीयत होती तो क्या मौलाना शब्दों तक सीमित होता - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया



सभ्य रूप से साडी धारण करने वाली प्रतिष्ठित महिला तक को नंगी जैसे शब्दों से सम्बोधन करने वाले मौलाना की गलती बताने वाले उसकी मजहबी शिक्षा की गलती क्यों नहीं ढूंढ रहे । मौलाना के अभद्र व्यवहार और आपत्तिजनक विचार की निमार्ता कौन सी मजहबी पुस्तक है विचार करना चाहिए। हिन्दू समाज चिल्ला चिल्लाकर कह रहा है की मौलाना के शब्द नारी सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं लेकिन इस्लामिक समाज तो मौलाना का खैरमकदम/इस्तकबाल/प्रसंशा कर रहा है की मौलाना मजहब की बात कहने से डरे नहीं चाहे वो उस राजनितिक पार्टी की सांसद ही क्यों न हो जो पार्टी इस्लामिक समाज की सबसे बड़ी हितैषी होने का दम भरती है । आप विचार कीजिए जब मजहबी शिक्षा किसी ताकतवर महिला तक को अपमानित कर सकती है तो सामान्य हिन्दू समाज क्या स्थिति होगी । चाहे कोई भी राजनीतिक दल हो लेकिन उसको समझना होगा की कट्टरवादी इस्लामिक शिक्षा में गैर इस्लामिक समाज का दोहन करना ही मूल उद्देश्य है । किसी भी इस्लामिक जानकार ने मौलाना का विरोध नहीं किया तो यह तो हिन्दू समाज को सोचना ही चाहिए की उनकी घर की महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं। प्रतिदिन लव जिहाद , धर्मांतरण के घटनाक्रम उजागर हो रहे हैं यह उसी मजहबी शिक्षा का तो प्रमाण हैं । यदि भारत में शरीयत लागू हो जाय तो इस प्रकार के मौलाना केवल अभद्र शब्दों तक नहीं रुकेंगे अपितु इस्लामिक समाज को तहरुष जैसे भयावह खेल को खेलने को प्रोत्साहित करेंगे जिसमें यदि महिला का एक अंग भी दिख जाय तो उसे शरीयत की खिलाफत मानकर भरे बाजार मजहबी भीड़ निर्वस्त्र कर उसके शरीर को तब तक पीड़ा देती है जब तक वो मर नहीं जाती ।

# मा० मुख्यमंत्री के नाम एक और नया कीर्तिमान करने पर भाजपा विधायक ने गुलदस्ता भेंट कर दी बधाई



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर डिबाई भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते हुए बताया कि अपने 8 वर्ष 132 दिन के अभूतपूर्व और निरंतर कार्यकाल के साथ स्वर्गीय पं.गोविंद बल्लभ पंत के 8 वर्ष 127 दिन के रिकॉर्ड को पार कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि न केवल उत्तर प्रदेश में सुशासन की पहचान है,बल्कि मा० मुख्यमंत्री की जनसेवा की भावना और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

# श्रीजी बाबा स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंत्र मुग्ध हुए श्रोतागण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर के बालिका विभाग परिसर स्थित पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर सभागार में 25 से 31 जुलाई 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ पर विराजमान ख्यातिलब्ध कथावाचक महन्त रमाकान्त गोस्वामी ने भक्तों को नारी महात्म्य गाथा का रसास्वादन कराते हुए अपने श्रीमुख से द्वितीय एवं तृतीय स्कन्ध की कथा भक्तमाल से नारी महिमा सनातन धर्म का परिवार वर्णन और गौरीशंकर की कथा पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कथास्थल पर उपस्थित श्रोतागण संगीतमय प्रसंगों को सुनकर मन्त्र-मुग्ध हो गए। बताते चलें कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित इस सप्तदिवसीय कथा का मूलोद्देश्य समाज के नर-नारियों के अन्दर नारी महात्म्य एवं उनके सम्मान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य डॉ अजय शर्मा ने कहा कि समाज की बेटियों एवं मातृशक्ति के साथ-साथ हमें और हमारे विद्यार्थियों को श्रीजी बाबा महाराज का आशीर्वाद उनके सुपुत्र व्यासपीठ पर विराजमान महन्त रमाकान्त गोस्वामी के श्रीवचनों के रूप में प्राप्त हो रहा है। वहीं प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत ने कहा कि विद्यार्थियों को सहज रूप में पौराणिक कथाओं का श्रवण करने का पुण्यलाभ प्राप्त हो रहा है जिसे वे सह-पाठ्य गतिविधि के रूप में भी स्वीकार कर सकते हैं। कथास्थल पर सन्तजन मुख्य यजमान ओमप्रकाश बंसल और ऊषा बंसल, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, प्रबन्धक प्रो. तेजपाल सिंह, सह प्रबन्धक प्रदीप अग्रवाल, डॉ. रोशनलाल, गिरीशचन्द्र अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य प्रेमशंकर एवं नीलम माहेश्वरी, शिवहरी गोस्वामी, धर्मेन्द्र बंसल, डॉ हरीश सारस्वत, रामसागर मिश्रा, सुधीर त्रिवेदी, नवीन वार्ष्णेय, ललित कुमार, शेर सिंह सिकरवार आदि आचार्यगण कर्मचारीगण छात्र-छात्राएँ एवं अन्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिए मण्डलीय कार्यालय पर संचालित है कन्ट्रोल रूम

वेलकम इंडिया

- यह कन्ट्रोल रूम चौबिसों घण्टे राउण्ड द क्लाक संचालित हो रहा है।
- दूरभाष नम्बर 8005494418 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**बहराइच 28 जुलाई।** अधीाण अभियन्ता विद्युत वी.के. राजपूत ने बताया कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण एवं व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच अन्तर्गत मण्डलीय कन्ट्रोल रूम संचालित है जिसका दूरभाष नम्बर 8005494418 है। यह कन्ट्रोल रूम चौबिसों घण्टे राउण्ड द क्लाक संचालित हो रहा है। श्री राजपूत ने बताया कि मण्डीय कन्ट्रोल रूम के संचालन के लिए कार्मिकों के साथ-साथ रात्रि के समय अवर अभियन्ताओं की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतो के निवारण एवं जानकारी/सुझाव के लिए मण्डीय कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 8005494418 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सीआरपीएफ 16 बटालियन ने धूमधाम से मनाया 87वां स्थापना दिवस



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 16वीं बटालियन द्वारा 27 जुलाई 2025 को 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह समारोह रांचीबांगर स्थित बटालियन मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई कमांडेंट नितिन कुमार ने की। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 को की गई थी, जो बाद में 1949 में भारत सरकार के अधीन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रूप में परिवर्तित हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर साइलेंट परेड व सलामी दी गई। कमांडेंट नितिन कुमार ने जवानों को संबोधित करते हुए बल की वीरता और इतिहास पर प्रकाश डाला और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अधिकारियों, अधीनस्थ कार्मिकों व उनके परिजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर बल परिसर में वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम और परिजनों के लिए योग शिविर का भी आयोजन किया गया। साथ ही क्वार्टर गार्ड की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण भी किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विजयी टीमों को पुरस्कार भी वितरित किए गए और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भोज का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), राजवीर सिंह यादव (द्वितीय कमान अधिकारी), श्रीमती विजया लक्ष्मी चौहान (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), रजोज कुमार राय (उप-कमांडेंट) एवं अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवार से बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल मिला



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव पिपेरा में एक सप्ताह पूर्व एक दलित युवक की गई थी हत्या। वहीं सोमवार को पीड़ित परिवार से बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल मिलने पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रभारी रविन्द्र प्रधान जिलाध्यक्ष कमल राजन जिला कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार विधान सभा प्रभारी डॉ. राहुल कुमार विधान सभा संयोजक धर्मवीर सिंह वरिष्ठ बसपा नेता धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे। घटना से संबंधित वार्ता उच्चाधिकारियों से की गई प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और आगे भी हर संभव मदद के लिए पार्टी का एक एक पदाधिकारी कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होने की बात कही है। जिलाध्यक्ष ने पीड़ित दुखी परिवार को सांत्वना दी है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि हत्या में शेष बचें आरोपियों को जल्द सलाखों के पीछे भिजवाया जाएगा दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। इस मौके पीड़ित परिवार के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिलाभक्तों द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर भजन संध्या का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** नगर के प्राचीन ठाकुर श्री चतुर्भुज भगवान के मंदिर प्रांगण में सावन के तीसरे सोमवार को महिलाभक्तों द्वारा भोलेनाथ के भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया। सौरभ शर्मा ने बताया कि भजन संध्या में सभी महिला भक्तों के द्वारा हनुमानजी व ठाकुर जी को रिझाने के लिए लोक गीत गाए जाते है, और बड़े भाव से बड़े प्रेम से भोले बाबा पार्वती जी को रिझाते हैं। महिला भक्त ललिता शर्मा ने बताया कि मीरा के भजन पर ठाकुर जी स्वयं प्रकट हो जाते थे, लेकिन कलयुग में हम भोले भाले भक्त भोले बाबा को भजन से ही रिझाते है। बृज मंडल में भजन सेवा सबसे सर्वोपरि है जो ठाकुर जप तप से नहीं रीझता है वो प्रेम के भजन से रीझ जाता है। महिला मंडली की सदस्यों द्वारा चतुर्भुजजी के प्रांगण बने शिव मंदिर में नृत्य किया गया तथा सभी भक्तों को जलपान प्रसाद वितरण किया गया।

# भारत विकास परिषद डिबाई का तीज महोत्सव और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया



**डिबाई।** अपने पारंपरिक पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए प्रतिबद्ध भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा का तीज महोत्सव कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड डिबाई के प्रांगण में संपन्न हुआ। मेहंदी रचे हाथों के साथ हरे परिधान में सुसज्जित भारत विकास परिषद की महिला सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ नृत्य और संगीत की धूम रही। रेनू जैसवाल उपाध्यक्ष महिला कार्यक्रम द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की वरिष्ठ सदस्या जलधारा सिंह द्वारा की गई, जबकि संचालन अनुराधा लखोटिया ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य गिरीश कुमार गुप्ता एडवोकेट ने शाखा परिवार में सम्मिलित हुए नव दंपत्ति युगल को शपथ ग्रहण करा भारत विकास परिषद की सदस्यता प्रदान की। नए सदस्यों के रूप में परिषद परिवार से जुड़ने वाले दंपत्ति युगल मनोज कुमार प्रधानाचार्य व बबीता कुमार एवं शिवम गोयल व दीक्षा गोयल हैं, जिनका गुंजन गुप्ता व अनिल कुमार सिंह, रजनी गुप्ता और संजीव राठी ने फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया। प्रांतीय स्थाई प्रकल्प प्रभारी पी पी सिंह ने इस अवसर पर शाखा की ओर से अगले माह बालिका एवं महिलाओं हेतु एक सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र आरंभ करने की घोषणा की जिसमें प्रशिक्षण नीलम कुमार द्वारा दिया जाएगा। नीलम कुमार को उनके इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए उन्हें डॉ सुधा आर्य द्वारा शाखा की ओर से अंग वस्त्र पहना सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक प्रदीप कुमार गर्ग की उपस्थित रही, जिनका स्वागत शाखा संपर्क प्रमुख केपी सिंह पूर्व महानिरीक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला टीम के सहयोग हेतु कैलाश पवार प्रधानाचार्य एवं कार्यवाहक अध्यक्ष, विजय कुमार राय सचिव और नौरंगीलाल कोषाध्यक्ष का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शैलेंदु वार्ष्णेय और विकास वार्ष्णेय द्वारा प्रदत्त समयबद्धता पुरस्कार नौरंगी लाल को दिया गया जबकि तंबोला का पुरस्कार संगीता राय को मिला।

# शिक्षक नेता रमेश सागर स्कूल जाते हुए बाल बाल बचे

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर सोमवार अपने स्कूल जाते समय बाल बाल बचे। दरअसल शिक्षक रमेश सागर सोमवार सुबह जब अपने घर 100 फुटा रोड स्थित राजीव एनक्लेव से क्यारा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के लिए निकले तो सीबीगंज थाना क्षेत्र के चन्दपुर काजियान गांव पहुंचने के बाद उनकी गाड़ी (स्कॉर्पियो एन) के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा, राहगीरों ने जब इस नजारे को देखा तो उन्होंने गाड़ी के ड्राइवर की तरफ के दरवाजे को ठोंककर इशारा कर गाड़ी रोकने के लिए कहा, जिसके बाद ड्राइवर और शिक्षक रमेश सागर घबरा कर गाड़ी के दरवाजे खोल कर बाहर कूद गए और अपनी जान पर आये खतरे को टाला। शिक्षक रमेश ने बाहर उतर कर गाड़ी के पहियों को देखा तो चारों पहियों से जोरदार धुँआ उठ रहा था, शिक्षक रमेश सागर ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों से मदद मांगी और पानी की व्यवस्था की, आसपास के लोगों ने पानी की बाल्टियों से पानी भर भर कर गाड़ी के पहियों पर पानी डालना शुरू कर दिया, कुछ देर बाद गाड़ी के पहियों से धुआं निकलना बंद हो गया जिसके बाद शिक्षक रमेश सागर ने महालक्ष्मी मोटर्स (स्कॉर्पियो एन की कंपनी) में फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद कंपनी की तरफ से इंजीनियर मौके पर पहुंचा, फिलहाल इंजीनियर ने शिक्षक की गाड़ी को अपनी देख रेख में ले लिया है और इस स्कॉर्पियो एन की तकनीकी कर्मियों की पड़ताल कर रहे हैं। वहीं शिक्षक रमेश सागर ने उन राहगीरों को धन्यवाद दिया जिन्होंने समय रहते गाड़ी को रुकवा कर उन्हें बाहर निकलने के लिए इशारा किया था। इस घटना को लेकर शिक्षक रमेश सागर का कहना है कि कंपनी की तकनीकी कमी आज उनके लिए घातक सिद्ध हो सकती थी, यह तो गनीमत रही कि राहगीरों ने समय रहते उन्हें और उनके ड्राइवर को सचेत कर दिया, जिससे वह गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहे। इस मामले को लेकर शिक्षक रमेश सागर जब महालक्ष्मी मोटर्स के मालिक अनिल अग्रवाल से मिलने गए, तो उनके द्वारा गाड़ी की इस कमी को हल्के में लिया गया, जिसको लेकर शिक्षक रमेश सागर व उनके मित्र ठाकुर सर्वेश सिंह जो कि हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष भी हैं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। तब जाकर महालक्ष्मी मोटर्स के मालिक अनिल अग्रवाल ने मौके की गंभीरता को समझते हुए बैठकर बात करना ही उचित समझा।

# भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र ने मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को तीन सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**डिबाई, (बुलंदशहर):** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तीन सूत्रीय मांगों को लेकर डिबाई तहसील में उपजिलाधिकारी अंगद यादव को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में था कि नरायनी इंडेन गैस सर्विस नरौरा द्वारा भारत सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई उज्ज्वला योजना में बड़े पैमाने पर गैस एजेंसी संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गरीब महिलाओं के लिए चलाई गई उज्ज्वला योजना में उक्त गैस एजेंसी संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर फर्जी बाड़ा कर पात्र महिलाओं के स्थान पर अपात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन जारी कर दिये गये जिससे गरीब एवं पात्र महिलाएं सरकार द्वारा दिए गए लाभ से वंचित रह गई जबकि नियमानुसार गरीब एवं पात्र महिलाओं के गैस कनेक्शन देने के लिए सरकार द्वारा ए एच एल टिन नंबर दिए गए थे। जिसमें ए एच एल टिन नंबर व नाम एवं पता भी दिया गया था किंतु गैस एजेंसी संचालक द्वारा बिना ए एच एल टिन नंबर मिलाये वह जिस महिला का नाम व पता लिस्ट में था उसकी जगह पर अन्य किसी महिला को गैस कनेक्शन जारी कर दिया गया है। गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पर किसी भी उपभोक्ता को सीएनजी गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पर मिलने वाली छूट नहीं दी जाती है व ग्रामीण क्षेत्र में गैस सिलेंडर देते समय सरकारी मूल्य से अधिक रुपए में गैस सिलेंडर देकर अवैध उगाई की जाती है। दूसरी शिकायत थी कि डिबाई तहसील क्षेत्र में लगभग दो दर्जन अनाधिकृत रूप से चल रहे अबैध होटलों में बड़े पैमाने पर होटल संचालकों द्वारा वैश्यावृत्ति का धंधा कराया जा रहा है जो कानूनी रूप से निराधार गलत है व क्षेत्र में बड़े पैमाने पर एड्स जैसी महामारी फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है जिससे आने वाली पीढ़ियों को इस महामारी का सामना करना पड़ सकता है। होटल संचालकों के इस कृत्य से स्कूल व कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

धर्मपुर रोड पर मिड टाउन होटल, कादरी बाग फ्लाईओवर पर मिड टाउन होटल, कर्णवास रोड पर छोइया पुल से आगे ओयो होटल, दोगवा के सामने राजघाट रोड पर ओयो होटल, पंडावल पर पहासू रोड पर इंग्लिश शराब ठेके के पास ओयो होटल, भीमपुर दोराहे पर डिबाई तहसील के पास दर्जनों होटल खुल गये हैं। उक्त सभी होटल ओयो का टैग लगाकर वर्षों से चल रहे थे क्षेत्रीय लोगों के बार-बार शिकायत करने पर अब ज्यादातर होटल संचालकों ने ओयों का टेग हटा दिया है व अन्य नाम से अवैध होटल चला रहे हैं और अवैध धन कमा रहे हैं। तीसरी शिकायत थी कि छतारी फीडर पर दर्जनों गांव में 10 घंटे से भी कम विद्युत सप्लाई हो रही है जिससे किसानों की हरी भरी फसले सूख रही है इससे किसान काफी मायूस है व अपने आप को थगा सा महसूस कर रहे हैं। फीडर पर पड़ने वाले सभी गांव में विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से 12 से 14 घंटे अवश्य कराई जाए जिससे किसान अपनी फसलों में पानी की व्यवस्था समय से कर सके। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह, दिलशाद खां, उपेंद्र, राजेश कुमार, प्रशांत गिरी, अतुल, इंद्रजीत भारती, रोहन सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि सैकड़ो किसान नेता मौजूद रहे।

# बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में घर की छत पर मिला ड्रोन, इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मढौली गांव में सोमवार को एक घर की छत पर अचानक एक ड्रोन गिरने से इलाके में सनसनी फैल गई। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि ड्रोन पर ह्लचाइनाह्व लिखा हुआ था, जिसे देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। दरअसल मढौली गांव निवासी कमल मौर्य नाम के एक व्यक्ति ने जब सुबह अपने घर की छत पर कुछ गिरने की आवाज सुनी, तो ऊपर जाकर देखा कि वहां एक ड्रोन पड़ा हुआ था। ड्रोन की बनावट और उस पर लिखे चीनी अक्षरों को देखकर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रोन सामान्य खिलौना ड्रोन जैसा नहीं लग रहा था। यह आकार में बड़ा और तकनीकी रूप से विकसित दिख रहा था। हालांकि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकार मानते है कि यह ड्रोन कहीं दूर से उड़ाया गया था और तकनीकी खराबी या बैटरी डाउन होने के कारण गिर गया होगा। इस घटना के बाद मढौली गांव में लोग सहमे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह ड्रोन कहां से आया और इसका मकसद क्या था, यह जानना जरूरी है। वहीं इस घटना के बाद अब पुलिस ने भी इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

# आर्यावर्त विश्व सनातन विकास परिषद के हर्ष यादव बने जिला संयोजक

**वेलकम इंडिया**



**सिकंदराबाद।** आर्या वर्त विश्व सनातन विकास परिषद बोर्ड भारत के श्री श्री 10008 ज्योतिष एवं द्वारका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन श्रधेय परम पूज्यनीय स्वामी श्री सरुपानंद महाराज की प्रेणना से संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक कृपा पात्र शिष्य वेद मूर्ति स्वामी श्री फलारी जी महाराज के संरक्षण में भारत में सनातन धर्म की स्थाई स्थापना के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 राष्ट्रीय संत ज्योतिष आचार्य कथा व्यास आध्यात्मिक हिंदू धर्म गुरु श्रधेय परम पूज्यनीय स्वामी श्री आशीष कृष्णनंदाचार्य महाराज की संतुति पर आर्या वर्त विश्व सनातन विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म रक्षक कृष्णकांत महाराज ने तत्काल प्रभाव से सनातनी हर्ष यादव श्याम बाबू ग्राम सनोटा जिला संयोजक बुलंदशहर युवा प्रकोष्ठ पद पर मनोनीत किया नवनियुक्त हर्ष यादव ने कहा कि संस्था के लिए हमेशा तन मन धन से कार्य करेंगे और सनातन धर्म को आगे पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# सुशांत सिटी सेक्टर 3 में तीज के पर्व पर झूमी महिलाएं



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** परतापुर के दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित सुशांत सिटी सेक्टर 3 में रविवार को तीज पर्व के अवसर जगह-जगह महिलाओं ने कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक रितु शर्मा सहित कॉलोनी की महिलाओं ने तीज पर्ब पर कॉलोनी के पार्क में लगाए गए झूले पर झूलने के साथ ही रंगा रंग गीत गाते हुए तीज के पर्व का आनंद लिया और अपने-अपने द्वारा बनाए गए भोजन का भी एक दूसरी महिलाओं को खाने का स्वाद चखाया वहीं इसी दौरान उन्होंने अपने-अपने परिवार की खुशहाली की कामना की कार्यक्रम में रितु शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं में एक दूसरे के प्रति प्रेम बढ़ता है और मानसिक तनाव भी कम होता है इस कार्यक्रम में सम्मलित महिला रीतू शर्मा, स्नेहा सिंह, प्रियंका सवल, राजेश चौधरी, डा० ऊषा सिंह, अर्चना चौहान, डा० अंशू चौधरी, उज्जवल चौधरी, ज्योति सिंह, मन्नू, अचला, सुमन लोहरी, मिथलेश सिंह, मीना आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल पाकर ऑटो चालक का खिला चेहरा, पुलिस को बोला धन्यवाद

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** गौर गांव (मिजार्मुराद) निवासी ऑटो चालक आशुतोष जायसवाल का मोबाइल बीते 26 अप्रैल 2025 को मिजार्मुराद बाजार में कही गिर गया था।ऑटो चालक द्वारा मोबाइल के बाबत गुमशुदगी दर्ज करवाया गया था।करीब तीन महीने बाद मिजार्मुराद थाने के एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने सर्विलांस की मदद से उक्त खोये हुए मोबाइल खोजकर सोमवार को ऑटो चालक आशुतोष को मिजार्मुराद थाने बुलाकर उसकी खोई मोबाइल उपलब्ध करवाया।ऑटो चालक द्वारा मिजार्मुराद पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा किया गया।ऑटो चालक ने बताया कि ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता हूं उसी से पैसे जुटाकर मोबाइल खरीदा था मिजार्मुराद पुलिस के प्रयास से तीन महीने बाद मेरी खोई हुई मोबाइल मिली।

# समसपुर में राजस्व टीम ने स्कूल भूमि को कराया कब्जा मुक्त



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर :** सोमवार को राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने सरकारी स्कूल की सुरक्षित भूमि सहित खाद के गड्ढा की पैमाईश की गई। मामले की जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। छतारी के गांव समसपुर में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने सरकारी स्कूल सहित खाद के गड्ढा की भूमि की पैमाईश करते हुए कब्जा मुक्त कराया गया है। मामले में राजस्व निरीक्षक रूप सिंह ने बताया है कि बीते दिनों गांव निवासी दारा सिंह ने जिलाधिकारी को सरकारी स्कूल की भूमि सहित खाद के गड्ढा पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की थी। सोमवार को गांव पहुंची राजस्व टीम ने सरकारी स्कूल की सुरक्षित भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। उसी क्रम में गांव में स्थित खाद के गड्ढा की भूमि की पैमाईश की है। जिसमें कुछ स्थान पर खड़ंजा लगा है जबकि कुछ भूमि पर निर्माण हो रखा है। मामले की जांच के बाद रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है। जबकि स्कूल की भूमि को ग्राम प्रधान पहलाद सिंह के सुपुर्द कर दी गई है।

# मनु विहार कॉलोनी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में हरियाली तीज से शुरू हुआ झूला महोत्सव



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** झांसी के मनु विहार कॉलोनी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी पंडित शरद मकररिया ने बताया है कि रविवार से झूला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह उत्सव आगामी पखवाड़े भर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन भगवान को अलग-अलग प्रकार के झांसी में श्रावण मास की हरियाली तीज पर भक्तिभाव की छटा बिखरी। रविवार को जिले के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। भगवान के श्रीविग्रहों को फूल-पत्तियों से सजाए गए झूलों में विराजमान कर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी संगीतमय भजन-कीर्तन के साथ झूला झुलाया गया। अंत में प्रसाद वितरित कर भक्तिभाव से पर्व का समापन किया गया। इस अवसर पर पंडित शरद मकररिया पुजारी मां वैष्णो सेवा समिति एवं समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

# पुराने शहर में मचा ड्रोन का शोर.....हाफिजगंज के कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं में भी दहशत

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** जिले में आसमान में दिखने वाले ड्रोन लगातार पहेली बनते चले जा रहे हैं। देहात के बाद अब शहर में भी ड्रोन का खौफ बढ़ता जा रहा है। लोग रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। रविवार रात पुराना शहर के अलग-अलग इलाकों में ड्रोन दिखने से लोग दहशत में आ गए। शाहमतगंज में भी ड्रोन देखे जाने की चर्चा जोरों पर रही। ड्रोन से जुड़े कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दूसरी तरफ हाफिजगंज के कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं ड्रोन दिखने से दहशत में हैं। बरेली हज सेवा समिति के समरान खान ने बताया है कि पुराना शहर में देर रात 12:30 से तड़के 4:30 बजे तक ड्रोन देखा गया। उन्होंने खुद अपनी छत पर ड्रोन देखा। इसके अलावा ब्रह्मपुरा, बिहारीपुर, कोहाड़ापीर, सीबीगंज के कुछ गांवों के साथ शहर के अन्य इलाकों में भी लोगों ने ड्रोन देखने का दावा किया। उन्होंने बताया कि सारी-सारी रात लोगों की जागकर गुजर रही है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर क्या किया जाए। लोगों ने कहा कि रात भर हम लोग लाठी डंडे लेकर पहरा देने को मजबूर हैं। ड्रोन के जरिए चोरी की चर्चा भी जोरों पर है, पुलिस प्रशासन को इसको लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए। दूसरी तरफ हाफिजगंज में मौजूद कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कई दिन से ड्रोन दिखने के बाद छात्राएं दहशत में आ गई हैं। विद्यालय की वार्डन सपना पाण्डेय ने सुरक्षा की मांग करते हुए कहा है कि छात्राएं भयभीत हैं। बीती रात में दो संदिग्ध भी छात्राओं ने देखे, जिनके मुंह काले कपड़ों से ढके हुए थे। जिससे छात्राओं को खतरा है। उधर ड्रोन को लेकर एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा है कि रात में गश्त बढ़ा दी गई है। सभी थानों की पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों से संवाद करें।

# प्रताप भारत गैस एजेंसी पर चूल्हा एक्सचेंज आफर




**वेलकम इंडिया**

**जरवल, बहराइच।** चूल्हा एक्सचेंज स्कीम के तहत प्रताप भारत गैस एजेंसी के द्वारा कैंप के माध्यम से लोगों स्कीम बारे में जानकारी अवगत कराते हुए एजेंसी के कर्मचारी पवन वर्मा जी, राहुल मिश्रा जी, मनोज वर्मा जी, ने बताया कि इस समय बीपीसीएल के द्वारा ग्राहकों को सुरक्षित करने के लिए सेफ्टी ड्राइव चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत ग्राहकों को सुरक्षा पाइप और हॉटप्लेट बदलने के लिए जागरूक किया जा रहा है, इसी के अंतर्गत कंपनी द्वारा ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार हाईस्टार स्टोव पेश किया गया है जो कि ईंधन की खपत अन्य चूल्हों के मुकाबले कम करता है, इस स्कीम के तहत ग्राहकों को अपना पुराना चूल्हा एक्सचेंज करके हाईस्टार स्टोव की खरीद पर एक एलपीजी रिफिल मुफ्त दी जा रही है।

# जॉइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन ने किया तीज महोत्सव का आयोजन



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप आफ फोक्सड फेयरी ने दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल डाव्सविला मे तीज महोत्सव का आयोजन बहुत शानदार तरीके से किया इस मौके पर फाउंडेशन की वरिष्ठ महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता और अन्य प्रतियोगिता रखी गयी इस आयोजन में सबसे बडा आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही इसमे करीब 50 महिलाओं ने भाग लिया अंत मे सवाल जबाब पुछ कर तीज क्वीन का चुनाव किया गया जिसमें पंचवटी एनक्लेव निवासी सीमा शर्मा विजयी रही ताज पहना कर उन्हे सम्मानित किया गया इस आयोजन मे पलक आरती मित्तल अनीता प्रधान सीमा राठी मोनी अर्चना वन्दना रिचा राधा निहारिका सौम्या अवनि पुनम सोनम मिलन काजल प्राची मौजूद रही सभी ने खुब मंनोरंजन किया और लोक गीत संगीत से सभी का मन मोह लिया और अंत में स्वदिष्ट भोजन के साथ इस पूरे आयोजन का समापन किया गया

# मूर्ति खंडित करने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**वेलकम इंडिया**



**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू क्षेत्र के गांव बाघऊ स्थित शिव मंदिर में मूर्ति खंडित करने की सूचना पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत कराया। गांव निवासी बिन्नामी शर्मा ने बताया कि बीती रात गांव में प्राचीन शिव मंदिर पर कुछ अराजक तत्वों ने मन्दिर परिसर में कांवड़ यात्रा के लगे फ्लैक्स बोर्ड को फाड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मन्दिर पर बनी भैरों बाबा की मूर्ति को भी खंडित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों को समझाया तथा शांति बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बाघऊ गांव में पोस्टर फाडे जाने व मूर्ति खंडित करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करा दिया है तथा एहतियात के तौर पर मन्दिर परिसर में पुलिस तैनात कर दी गई है। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई है। उधर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने बताया है कि गांव में शांति है, दोनों पक्षो को समझा दिया गया है।

# भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन दिल्ली की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्य समिति बैठक

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** आज मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, दिल्ली की प्रदेश कार्य समिति बैठक का आयोजन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन संगठनात्मक दृष्टि से एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पड़ाव साबित हुआ।बैठक में उपस्थित संगठन के शीर्ष नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष झ आदरणीय श्री साहू मुरारी गुप्ता जी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष झ आदरणीय श्री अशोक साहू जी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष झ आदरणीय श्री किशोर साहू जी कार्यकारी अध्यक्ष झ आदरणीय श्री चंदन साहू जी राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा झ श्रीमती मंजु साहू जी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षा झ श्रीमती संध्या साहू जी राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती पूनम साहू महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संगठन मंत्री झ आदरणीय श्री गिरीश साहू जी प्रदेश कार्य समिति बैठक राष्ट्रीय सचिव (कळ प्रकोष्ठ) झ श्री मयंक साहू जी संगठनात्मक आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदानः प्रदेश अध्यक्ष झ आदरणीय श्री अशोक साहू जी प्रदेश अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ रसमी साहू जी प्रदेश अध्यक्ष (कळ प्रकोष्ठ) झ आदरणीय श्री रवि साहू जी प्रदेश महामंत्री झ आदरणीय श्री बाबूलाल साहू जी एडवोकेट झ आदरणीय श्री विजय साहू जी आदरणीय गौरव सेठ के सभी नेतृत्वकताओं ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधनों से कार्यकताओं में नई ऊर्जा, दृष्टि और संगठन के प्रति समर्पण भावना का संचार किया। संगठन विस्तार एवं मजबूती की दिशा में व्यापक विचार-विमर्श युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बल देने की योजना में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता एवं समानता पर गंभीर चर्चा महिला सशक्तिकरण और सहभागिता को प्रोत्साहन बैठक की विशेषताएंः सभी जिलों से पधारे पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समाजसेवियों की सक्रिय, अनुशासित एवं उत्साही भागीदारी ने इस बैठक को एक संगठनात्मक मील का पत्थर बना दिया संगठन केवल पद नहीं, यह सेवा, समर्पण और समाज उत्थान का माध्यम है बड़ी संख्या में समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बहराइच में राजस्व संग्रह अमीन संघ नई कार्यकारिणी गठन

**बहराइच।** सदर तहसील बहराइच के मीटिंग हाल में राजस्व संग्रह अमीन संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्य मौजूद रहे।पारदर्शिता के साथ नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में विजय शंकर वर्मा को अध्यक्ष चुना गया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष पद पर कन्हैयालाल श्रीवास्तव को चुना गया। आदित्य प्रताप सिंह को मंत्री और केशवराम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। रघुवंश प्रताप सिंह को उपमंत्री तथा ओमप्रकाश मिश्रा को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा आडीटर के रूप में तारकेश्वर नाथ शुक्ला और सेकण्ड आडीटर के रूप में वर्तिका श्रीवास्तव को चयन किया गया। इसके अतिरिक्त शेष तीन पदो पर नियुक्ति अध्यक्ष एवं मंत्री के माध्यम से मनोनयन किया जायेगा। चुनाव के संपन्न होने पर सभी सदस्य एक दूसरे को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं, सभी रोगियों को मिले बेहतर इलाज, वीरेंद्र सिंह



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर के सरकारी अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी का समस्त स्टाफ ने स्वागत समारोह का आयोजन किया और उन्हें राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर हार्दिक बधाई दी। इस दौरान दर्जनों स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे। कई दिन पूर्व सीएमओ शामली अनिल कुमार ने सरकारी अस्पताल के चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह का तबादला करते हुए उन्हें जसाला स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया था। और गंगेरू स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी वीरेंद्र सिंह को नगर के राजकीय अस्पताल का चिकित्सक प्रभारी की कमान सौंपी थी। सोमवार को उनके कार्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्वस्थ कर्मियों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। स्वागत समारोह के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर उन्हें अग्रीम कार्यकाल की बधाई दी। नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने सभी स्वस्थ कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि डाक्टर भगवान का रूप होते हैं सभी अपने क्षेत्र में रोगियों को समुचित इलाज प्रदान करें। किसी भी तरह की उनके कार्यकाल में गड़बड़ी पाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग ईमानदारी के साथ अपना कार्य करें, उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी की स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले सभी मरीजों को बेहतर इलाज कर उनका उपचार किया जाए। इस दौरान स्वागत समारोह में दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# जसाला में दो घरों पर में चोरी, बदमाशों ने मां बेटे को मारी गोली

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जबकि कई घरों में चोरी का प्रयास किया। जाग होने पर बदमाशों ने मां बेटे को गोली मार दी। गोली लगने से मां बेटा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मां बेटे की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बदमाश भागते हुए गांव के ही एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। मामले में घायल के चचेरे भाई ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों में रविवार की मध्य रात्रि को गांव के ही रिटायर्ड फौजी महेंद्र सिंह के मकान का ताला तोड़ कर गल्ले में पांच हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली, इसके बाद बदमाशों में गांव के ही सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे डॉक्टर फग्गन सिंह के बंद मकान को खंगाल दिया। डॉक्टर फग्गन सिंह के मकान में कितना नुकसान हुआ है इसका आकलन नहीं हो सका है। जाग होने पर पड़ोस का ही सचिन अपनी मां शिक्षा देवी के साथ अपने मकान के ऊपर लगी रेलिंग के पास पहुंचा तो बदमाशों ने मां बेटे पर फायर झोंक दिया। गोली लगने से सचिन और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मां बेटे को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मां बेटे की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बदमाशों ने गांव के ही एडवोकेट जगत सिंह, रणवीर और यशपाल के घरों में भी बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से जाते होते हुए सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं। मामले में सचिन के चचेरे भाई वर्णिक चौहान ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# बुखार से पीड़ित महिला, पुरुष व बच्चों की अस्पताल में उमड़ी भीड़

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ा हुआ है सरकारी अस्पताल में बुखार से पीड़ित दर्जनों महिला पुरुष व बच्चों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बरसात के मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। बुखार व नगर एवं क्षेत्र के कई महिला, पुरुष व बच्चों को अपनी चपेट में ले रखा है। बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियां पनप जाती हैं। जैसे वायरल बुखार, उल्टी दस्त, फोड़ा फुंसी, मलेरिया, डायरिया सहित कई बीमारियां फैल जाती है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चों को वायरल बुखार ने अपनी चपेट में ले रखा है। सोमवार को एक दिन का अवकाश होने के बाद अस्पताल खुलते ही भारी संख्या में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मरीजों में ज्यादातर वायरल बुखार से पीड़ित महिला पुरुष व बच्चे पहुंचे। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर सभी रोगियों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में कई बीमारियां फैल जाती हैं जिनसे हमें सावधानी बरतनी चाहिए और तुरंत अपना उपचार करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर संचारी रोग अभियान के तहत उपचार कर रही है और लोगों को जागरुक भी कर रही है।

# थाना दुधारा पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुधारा व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, हे0का0 अरविन्द कुमार यादव, का0 राधेश्याम गिरी ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 268/2025 धारा 85,108,115(2),352 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त राकेश लोध पुत्र रामविशुन निवासी बौलिया सेमरियावाँ थाना दुधारा को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि दिनांक 27.07.2025 को थाना दुधारा पर वादी द्वारा प्राथार्ना पत्र दिया कि मेरी पुत्री अपने पति के प्रताड़ना व उलाहना से आजिज आकर दिनांक 25.07.2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके संबंध में थाना दुधारा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# आधा दर्जन युवकों ने किशोर के साथ की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड से आधा दर्जन बाइक सवार युवक एक किशोर को बाइक पर बिठाकर अज्ञात स्थान पर ले गए और किशोर के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़ित के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी अंसार पुत्र वहीद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र रिहान रविवार को अपने मामा के घर से आ रहा था। जैसे ही पीड़ित का पुत्र कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड पर पहुंचा तो आरोप है कि साकिब, दानिश व बिलाल उर्फ बिल्ला पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला आलखुर्द कैराना अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आए और पीड़ित के पुत्र को अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए अकरम नाम के युवक के खिलाफ गाली गलौज दिलवाई। किसी तरह पीड़ित का पुत्र आरोपियों के चंगुल से छुटकर मैन रोड पर आया और राहगीरो की मदद से घर पहुंचा। पीड़ित के पुत्र के द्वारा घर पहुंचने पर अपने परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी नहीं दी गई।पीड़ित के परिजनों को घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुई।

# नाथ नगरी में शिव भक्तों पर आसमान से हुई पुष्प वर्षा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को नाथ नगरी बरेली में शिवभक्ति और श्रद्धा का ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसे शहरवासी शायद ही कभी भूल पाएंगे। नाथ नगरी में पहली बार आसमान से फूलों की बारिश हुई, वो भी सीधे सात नाथ मंदिरों और शिव भक्तों के ऊपर। हेलीकॉप्टर से बरसते फूलों ने जब शिवालयों की छतों और भक्तों के सिरों को ढकना शुरू किया, तो पूरा माहौल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धा के इस ऐतिहासिक पल का आगाज सुबह 8:55 से अलखनाथ मंदिर से हुआ। इसके बाद एक-एक कर त्रिवटीनाथ, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ और अंत में बनखंडीनाथ मंदिर पर भी पुष्पवर्षा की गई। हर मंदिर पर हेलीकॉप्टर कुछ मिनट रुका और हजारों की संख्या में फूलों की बारिश कर दी। इस भव्य कार्यक्रम की शुरूआत मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश कुमार सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य की मौजूदगी में हुई। गंगाजल लेकर हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, कछला घाट और नजदीकी तीर्थ स्थलों से लौटे कांवड़ियों के चेहरों पर फूलों की यह बरसात किसी वरदान से कम नहीं थी। भक्तों ने आस्था और भक्ति के साथ शिवालयों पर जल चढ़ाया और शिवधुनों में खो गए। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर शहर में भारी उत्साह देखने को मिला।

लोग छतों और मंदिरों के बाहर खड़े होकर पुष्पवर्षा के इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर चेहरा श्रद्धा और मुस्कान से भरा हुआ था। प्रशासन ने भी इस बार कोई कसर नहीं छोड़ी। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक और साफ-सफाई तक हर इंतजाम चाक-चौबंद था। अधिकारियों की टीमें सुबह से ही जगह-जगह तैनात थीं ताकि कहीं कोई अव्यवस्था न हो। बनखंडीनाथ मंदिर के बाहर मौजूद एक श्रद्धालु की आंखें ये कहते हुए नम हो गई कि ₹ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा। लग रहा है की जैसे भगवान भोलेनाथ खुद भक्तों पर कृपा बरसा रहे हों।


# आधा दर्जन युवकों ने किशोर के साथ की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड से आधा दर्जन बाइक सवार युवक एक किशोर को बाइक पर बिठाकर अज्ञात स्थान पर ले गए और किशोर के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़ित के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी अंसार पुत्र वहीद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का पुत्र रिहान रविवार को अपने मामा के घर से आ रहा था। जैसे ही पीड़ित का पुत्र कस्बे के बुढ़ाना बस स्टैंड पर पहुंचा तो आरोप है कि साकिब, दानिश व बिलाल उर्फ बिल्ला पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला आलखुर्द कैराना अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आए और पीड़ित के पुत्र को अज्ञात स्थान पर ले गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए अकरम नाम के युवक के खिलाफ गाली गलौज दिलवाई। किसी तरह पीड़ित का पुत्र आरोपियों के चंगुल से छुटकर मैन रोड पर आया और राहगीरो की मदद से घर पहुंचा। पीड़ित के पुत्र के द्वारा घर पहुंचने पर अपने परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी नहीं दी गई।पीड़ित के परिजनों को घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुई।

# अधिकारियो व जनप्रतिनिधियो की अनदेखी से बीच गाँव का रास्ता वर्षो से बना नाली

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** राजा भैया की जनसत्ता दल के विधायक विनोद सरोज और सपा सांसद पुष्पेन्द्र सरोज के जनप्रतिधित्व का एक ?सा गाव जहा वर्ष भर ग्रामीण जन और राहगीर वर्ष भर कीचड से सने रास्ते से गुजरते है। जिसके निराकरण की आवाज ग्रामीणो सक्षम अधिकारियों और जनप्रतिनिधि गणो तक पहुचायी लेकिन क्या मजाल कि कोई देखने तक आ जाता। लालगन्ज तहसील की ब्लाक रामपुर सग्रामगढ के पूरे निर्मल गिरधर गाव मे विकास की कहानी बयान करने के लिए वर्षो से गाव के ? ठीक ? मध्य से निकले एक मात्र रास्ते से रोज कीचड और पानी के बीच से होकर निकलते ग्रामीणो और राहगीरो को देखकर अन्दाजा लगाया जा सकता है। ताज्जुब तो तब होता है जब पुलिस विभाग और राजस्वकर्मी भी इसी रास्ते से निकलते है। लेकिन कोई भी नही जो ग्रामीणो की इस वर्षो पुरानी समस्या की आवाज सक्षम अधिकारी जनप्रतिनिधि तक उठा विकास की सही तस्वीर दिखा देता। कहने को तो यहा के विधायक राजाभैया की पार्टी जनसत्ता दल के विनोद सरोज है। जिनका लगभग चार पंचवर्षीय समय से विधायक सीट पर कब्जा है। जो पाच वर्ष मे एक बार यहा बस चुनाव के समय वोट मागने आते है सपने दिखाते है लेकिन विकास के नाम ?पर एक नल भी इस गाव को आज तक न दे सके। तो वही हाल यहा के सभी दल से समय समय पर सांसद रहे नामो का भी है। जनप्रतिनिधियो से हार कर ग्रामीण जनो ने बी डी ओ सी डी ओ तक इस मार्ग को दुरुस्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए लेकिन क्या मजाल जो कोई एक चपरासी भी वास्तविकता का आकलन करने को भेज देते।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने दीप प्रज्वलित कर किया हेपेटाइटिस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



बागेश्वर, गोविन्द मेहता, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बागेश्वर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर ₹आओ इसे रोकें₹ थीम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी ने हेपेटाइटिस रोगों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित लोगों को बीमारी के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों से अवगत कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी प्रियंका बुढलाकोटी ने भी हेपेटाइटिस रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आकाश कुमार, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बागेश्वर नीरू साह, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सतीश कांडपाल, गोकुल कठायत, जय जोशी, पंकज कुमार, भूपेश उपाध्याय सहित बागेश्वर ब्लॉक की एएनएम, सीएचओ और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम मनोज पुरोहित ने किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के आधार पर जनपद के विकास/निर्माण कार्यों एवं आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित आइजीआरएस पोर्टल पर लंबित/निस्तारित संदर्भों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों/निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दशार्ने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर, आवास योजना (ग्रामीण), भवन निर्माण, जल जीवन मिशन, हर घर नल, फैमिली आई0डी0, स्वच्छ भारत मिशन, राज्य योजना, निपुण परीक्षा आंकलन, ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा नई सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत आदि फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए डाटा की फीडिंग करायी जाय। उन्होंने जनपद में कार्यरत दोनों कार्यदायी संस्थाओं जैक्शन एवं मेघा फर्मों को निर्देशित किया कि जिन गांवों में पानी की सप्लाई चालू है उनमें शत प्रतिशत घरों में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गो-आश्रय स्थलों का स्वयं निरीक्षण करें तथा भूसा, चारा पानी आदि की व्यवस्था के साथ-साथ स्थानीय पशु चिकित्सक द्वारा गोवंशों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते रहने हेतु संबंधित पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित किया प्रतिदिन समीक्षा करते हुए मिशन मोड पर फैमिली आई0डी0 बनायी जाय।

# महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब द्वारा महोत्सव का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा वैशाली के विशेष सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संगठन ने दोनों का आभार व्यक्त किया और उनके निरंतर सहयोग की सराहना की। इस रंगारंग तीज उत्सव में लगभग 70 महिलाओं ने पारंपरिक हरे एवं लाल परिधानों में सज-धज कर भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक तीज गीत गाए, झूले का आनंद लिया और विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्वादिष्ट जलपान और रात्रि भोज की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ श्रीमती मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में महिलाओं के इस पारंपरिक उत्सव को सहेजने के प्रयास की सराहना की और संगठन को बधाई दी। इस अवसर पर महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर, श्रीमती मधु सिंघल, पूनम ढींगरा, हर्षिता चौधरी, अंजली, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. सुषमा त्यागी, विशाखा, नीता, शाइस्ता, मीना, रितु कपूर, मीना चावला, लवली, चरनजीत कौर, रुचि गुप्ता, मीनू त्यागी, कोमल, रोजी सहित कई अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति को एकजुट करना, भारतीय परंपराओं को जीवित रखना तथा आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देना रहा। इस सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तीज को उल्लासपूर्वक मनाया।

# श्रीहित रासमंडल में धूमधाम से प्रारंभ हुआ भक्तिमती ऊषा बहिनजी का त्रिदिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** गोविन्द घाट स्थित अखिल भारतीय निमोर्ही बड़ा अखाड़ा (श्रीहित रासमंडल) में भक्तिमती रसिक सिद्ध संत ऊषा बहिनजी (बोबो) का त्रिदिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है।महोत्सव का शुभारभ संतों व भक्तों के द्वारा भक्तिमती ऊषा बहिनजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।तत्पश्चात संतप्रवर बिहारीदास भक्तमाली महाराज ने व्यासपीठ से भक्तिमती संत ऊषा बहिनजी के द्वारा रचित पदों का गायन किया।साथ ही उनके जीवन चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भक्तिमती ऊषा बहिनजी ब्रज वृंदावन की अपूर्व निधि थीं। वे धाम निष्ठ, नाम निष्ठ व धर्म परायण सन्त थीं।ब्रज वृन्दावन के प्रति उनकी अपार श्रद्धा थी।उन्होंने यहां अपने सेव्य ठाकुर उत्सव बिहारी की सेवा करते हुए अनेकों पदों की रचना की। संतों और ब्रजवासियों से उनका अटूट स्नेह था। उनकी पावन स्मृति में स्वर्गीय विजय भैया ने ब्रज निधि प्रकाशन की स्थापना की थी। जिसके द्वारा उनके साहित्य के अलावा अन्य सत्साहित्य का प्रकाशन किया जा रहा है।वे सदैव अपने आराध्य की साधना में लीन रहती थीं। सायं काल प्रख्यात रासाचार्य स्वामी पुलिन बिहारी शर्मा के निर्देशन में श्रीसखाजी द्वारा प्रदत्त लीला पर आधारित रासलीला की अत्यन्त नयनाभिराम व चित्ताकर्षक प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व श्रीराधा वल्लभ संप्रदाय के समाज मुखिया राकेश दुबे की मुखियायी में मंगल बधाई समाज गायन किया गया।साथ ही खेल-खिलौने, मेवा-मिष्ठान एवं वस्त्रादि लुटाए गए। इसके अलावा सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री, महन्त दंपति शरण महाराज (काकाजी), महन्त श्यामसुन्दर दास महाराज, महन्त सुन्दर दास महाराज, रासाचार्य स्वामी कुंजबिहारी शर्मा, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, परम हितधर्मी डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा, भागवताचार्य डॉ. हरेकृष्ण शरद, महन्त हरिशंकर नागा, दीपा भटनागर, निर्मला शर्मा, पुष्पा गुप्ता, राधारमण शर्मा, काकी बहिनजी, आलोक भटनागर, श्यामसुंदर शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, महन्त लाड़िली दास, राजाचार्य देवेंद्र वशिष्ठ, राधावल्लभ वशिष्ठ आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी तथा कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य मे भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय ,ललित कला विभाग ,महिला अध्ययन केंद्र, मिशन शक्ति फेस 5 ,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में गृह विज्ञान विभाग (स्ववित्तपोषित) द्वारा प्रदर्शनी तथा कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ मंजू शिवाच ,अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अलका तिवारी ,(ललित कला विभाग), मेरठ, तपन शर्मा (उपनिदेशक बुनकर सेवा केंद्र, मेरठ) रहे। मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया ।इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर रीता बक्शी ,संजय गांधी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा ,रुक्मणी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सुलक्षणा, बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ एकता भारद्वाज, इनरवियर की प्रेसिडेंट श्रीमती रेनू मित्तल, वैश्य कुटुंब सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती वर्षा गुप्ता, एहसास समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनुप्रीत कौर, पंजाबी संगठन के अध्यक्षा डॉक्टर शालिनी नैयर ,श्रीमती राधिका गुप्ता नगर अध्यक्षा ,उज्जवला समिति की अध्यक्षा श्रीमती सीमा अरोड़ा आदि ने प्रदर्शनी एवं कार्यशाला में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन क्लॉथिंग एवं टेक्सटाइल की विभागाध्यक्षा डॉक्टर मीनू अग्रवाल, एम.ए.गृह विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ राखी मित्तल ,असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती राखी शर्मा के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने हस्त निर्मित वस्तुएं जैसे फैब्रिक पेंट की गई साड़ियां, सूट ,दुपट्टे, ड्रेस, पेंटिंग्स ,बेडशीट, हैंडमेड ज्वेलरी,सजावटी वस्तुएं तथा मेक्रम के विभिन्न समान इत्यादि का प्रदर्शन किया। कुमारी लवी ने अतिथियों के लिए हैंडलूम पर आधारित स्मृति चिन्ह बनाएं। झूले पर कृष्ण के रूप में कनिष्का तथा राधा के रूप में कहकशा विराजमान रहीं ।संपूर्ण प्रदर्शनी एवं कार्यशाला में हैंडलूम संबंधी स्लोगन जैसे:हथकरघा भारत की शान है यह हमारी संस्कृति की पहचान है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉक्टर चेतना ,डॉक्टर ऋषिका पांडे, डॉक्टर शिखा त्यागी, डॉक्टर नम्रता शर्मा , डॉक्टर ईशा सचदेवा , रश्मि चौधरी, ऐश्वर्या बहुगुणा,मंजू कनोजिया, गायत्री, रूना तथा तुलसी का विशेष योगदान रहा।

# माँ का अधिकार-ऑपरेशन नहीं, संरक्षण चाहिए-ईश्वर चंद्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन संस्थापक ईश्वर चंद्र द्वारा कहा है कि क्षेत्रीय नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों में महिलाओं के साथ हो रहे अनावश्यक ऑपरेशन प्रसव की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। महिलाओं को बिना चिकित्सकीय आवश्यकता के ऑपरेशन के लिए बाध्य किया जाता है। इससे न केवल मातृत्व स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि अनेक महिलाएं भविष्य में गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं। यह प्रक्रिया एक व्यवसायिक लालच में बदल चुकी है, जिससे ग्रामीण एवं निर्धन महिलाएं सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्राकृतिक प्रसव को हतोत्साहित करने वाली प्रवृत्तियों पर तत्काल अंकुश की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में निर्वाण फाउंडेशन ने तीन उच्च अधिकारियों मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिलाधिकारी उप जिला अधिकारी के समक्ष ऑनलाइन जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने शिकायत में सभी नर्सिंग होम व अस्पतालों का ऑडिट कराने तथा ऑपरेशन से पूर्व महिला की स्वतंत्र राय और स्पष्ट चिकित्सकीय कारण आवश्यक किया जाए। साथ में जन जागरूकता हेतु स्वास्थ्य शिक्षा अभियान चलाया जाए।

# हरियाली तीज महोत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन शिवम् फार्म हाउस, मोदीनगर में बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस रंगारंग कार्यक्रम में नगर की लगभग 300 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई उसके बाद शिव बारात, मेहंदी सज्जा, रैंप शो, सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ और स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती ईशा शर्मा द्वारा किया गया, जिनकी मंच संचालन शैली ने सभी को बांधे रखा। कार्यक्रम की सुचारु व्यवस्था और सफलता के पीछे कई कर्मठ महिलाओं का योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से झरेखा शर्मा, प्रतिभा गोयल, इंदु गुप्ता, संगीता जिंदल, सुनयना अग्रवाल, काजल गुप्ता, राधा गोयल, प्रीति, निशा शर्मा, नैना शर्मा, सुनीता अग्रवाल,श्वेता भडाना ,सुशीला गोयल, मनीषा बंसल और पूजा अग्रवाल आदि शामिल रहीं।श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट ने सभी सहभागियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निवाड़ी क्षेत्र में रात्रि में ड्रोन दिखाई देने को लेकर भाकियू ने ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निवाड़ी क्षेत्र में रात्रि में ड्रोन दिखाई देने से क्षेत्र वासियों में फैल रही दहशत को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अ) के कार्यकताओं ने थाने पर पहुंचकर एक ज्ञापन डीसीपी ग्रामीण के नाम थाना प्रभारी निरीक्षक को सोपा। निवाड़ी थाने पर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के बैनर तले करीब एक दर्जन गांवों के लोग इकट्ठे हुए ओर डीसीपी ग्रामीण के नाम एक ज्ञापन निवाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपा।भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि थाना निवाड़ी क्षेत्र में रात्रि में ड्रोन दिखाई देने से क्षेत्र वासियों में महिलाओं व बच्चों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव निवाड़ी, नगला आंकखु, सुहाना, मोहम्मदपुर, कुम्हेडा, सारा आदि गांव में ड्रोन रात्रि में दिखाई दिए गांव के किसान दिन में खेतों में काम करते हैं। रात्रि में पहरा देने को मजबूर हो रहे हैं। किसान यूनियन का कहना है कि जल्द से जल्द इसका निस्तारण ना हुआ तो क्षेत्रवासी डीसीपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, अमरीश त्यागी, हरिओम त्यागी, अनिल त्यागी, नरेंद्र त्यागी, राजकुमार वर्मा, संदीप जिंदवाल, सैंकी त्यागी, देवांश त्यागी, लीलू प्रधान, ताहिर खान, अवनीश त्यागी, शेखर त्यागी, गोल्डी त्यागी, सभासद राजन त्यागी, सभासद जगदीश कुमार आदि ।

# संकट के समय साहित्यकारों व पत्रकारों ने देश को संभाला : भट्ट




वेलकम इंडिया

**गरुड़।** उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वावधान में विभिन्न कवियों की सात पुस्तकों का एक साथ विमोचन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट ने कहा कि समाज के निर्माण में साहित्यकारों व पत्रकारों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

आदर्श ज्ञानार्जन विद्यालय में पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट ने कहा कि संकट के समय साहित्यकारों व पत्रकारों ने ही देश को संभाला है। विशिष्ट अतिथि डा. गोपाल कृष्ण जोशी, डा. राजीव जोशी, डा. कुंदन सिंह रावत ने कहा कि साहित्यकार की यह जिम्मेदारी है कि वह अपनी लेखनी से समाज की दिशा व दशा बदल दे। इस मौके पर कवि सुरेंद्र वर्मा के हिंदी काव्य संग्रह छटपटाहट, कवयित्री आशा जोशी के हिंदी काव्य संग्रह भावों की उड़ान, कवयित्री प्रेमा भट्ट के हिंदी बाल काव्य संग्रह घरौंदा तथा ऋग्वेद का कुमाउनी भावानुवाद चौथा भाग - अनुवादक मोहन जोशी, मोहन बाल नाटिका - मोहन जोशी, बाखइ मोहन कृति पटल का वार्षिक काव्य व गद्य संकलन का विमोचन किया गया। इस मौके पर कवियों ने अपनी रचनाएं भी प्रस्तुत की। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया ने की और संचालन वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान छायाकार थ्रीश कपूर, समाजसेवी नंदन सिंह अल्मिया, हरीश जोशी, केदार दत्त भट्ट, मनोज खोलिया, उमेश चंद्र पंत, डा. गिरीश अधिकारी, रमेश बृजवासी, जीवन सिंह दोसाद, ओमप्रकाश फुलारा, जानकी भट्ट, आशा बुटौला, मीतू पंत आदि मौजूद थे।

# खानपुर क्षेत्र के कनौना इंटर कॉलेज में मच्छरों की दवा की दुर्गन्ध से 50 से अधिक छात्र बेहोश हो गए, छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया

वेलकम इंडिया





**बुलंदशहर** .खानपुर क्षेत्र के गांव कनौना स्थित इंटर कॉलेज में मच्छरों की दवा की दुर्गन्ध से 50 से अधिक छात्र-छात्राएं बेहोश हो गए। छात्रों के अचेत होने की खबर से कॉलेज में अफरातफरी मच गई। अचेत छात्रों को उपचार के लिए नगर के निजी चिकित्सकों के यहां भर्ती कराया गया, जहां सभी छात्र उपचाराधीन हैं। एक छात्रा को लगातारउल्टी होने की शिकायत पर बुलंदशहर रेफर कर दिया गया है डीएम ने डीआईओएस को कॉलेज प्रबंधन का स्पष्टीकरण लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। सोमवार सुबह इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राएं आए थे। कक्षा में जाते ही छात्र-छात्राएं अचेत हो गए। अचानक छात्रों की हालत देख कर विद्यालय प्रशासन में खलबली मच गई। अध्यापकों ने बच्चों को तत्काल बाइक और कार के माध्यम से खानपुर में अलग-अलग चिकित्सकों के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया। विद्यालय प्रबंधन ने मच्छरों से बचाव के लिए दवाई का छिड़काव की बात कही। 50 से अधिक छात्रों का उपचार नगर के निजी चिकित्सकों और स्याना में भी यहां चल रहा है। अन्य छात्रों को घर भेज दिया गया, जिसके बाद वहां कुछ समय बाद छात्रों की तबीयत खराब होने लगी। परिजन बदहवास हालत में अपने बच्चों को जहांगीराबाद और बुलंदशहर के प्राइवेट अस्पतालों में लेकर पहुंचे, जहां उपचार के लिए भर्ती कराया। शनिवार को किया था कीटनाशक का छिड़काव कॉलेज में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप से छुटकारा पाने के लिए शनिवार को कीटनाशक हाउस केयर के नाम की दवाई का छिड़काव किया गया था, जिसके बाद कमरों को बंद कर दिया गया था। अध्यापक के बिगड़े बोल ने हालात किए खराब करने का आरोप लगा दिया। छात्रों का आरोप है कि अध्यापक ने ड्रामा करने का हवाला देते हुए नाम काटने की धमकी तक दे डाली। छात्रों द्वारा अपने परिजनों को सूचना देने पर अभिभावकों ने स्कूल कर घेराव करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने संभाला मामला हंगामा कर रहे लोगों को सूचना व घटना की जांच के लिए पहुंचे हंगामा कर रहे लोगों को सूचना व घटना की जांच के लिए पहुंचे स्याना एसडीएम विजय प्रताप सिंह ने अभिभावकों को समझा बुझा कर शांत किया। प्रधानाचार्य ने अध्यापक के छुट्टी पर होने की बात कही। उपस्थित छात्रों ने अध्यापक के स्कूल में आने की बात पर प्रधानाचार्य सकपका गए। डीएम-एसएसपी ने सीएचसी पहुंचकर जाना हाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याना में भर्ती छात्र-छात्राओं को देखने जिलाधिकारी श्रुति और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह सीएचसी पहुंचे। छात्र-छात्राओं से मिलकर उनका हालचाल जाना। अधिकारियों ने चिकित्सकों को हर संभव इलाज और बेहतर देखभाल के निर्देश दिए। बताया गया कि कुछ छात्राओं के द्वारा आज उपवास भी रखा हुआ था। चिकित्सकों से भी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में एवं दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि बच्चों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं। इस मौके पर बच्चों के परिजनों से भी वार्ता करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के बार में भी जानकारी दी गई। विधायक पहुंचे अस्पताल स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी भी अस्पताल पहुंचे छात्राओं से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्हान आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोट जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि घटना के संबंध में कॉलेज का स्पष्टीकरण लेकर नियमानुसार कार्यवाही करें।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में की जनसुनवाई

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और जनता से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मामले, पेंशन, आवास और बिजली-पानी से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए डीएम ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्षता से परीक्षण करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को न्याय मिले और उसे बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट भी मौजूद रहे। उन्होंने भी दर्जनों मामलों की जानकारी ली और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। डीएम दीपक मीणा ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है, और इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। इस अवसर पर आमजन ने भी जिलाधिकारी की पारदर्शी और संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की और उम्मीद जताई कि इसी प्रकार उन्हें आगे भी प्रशासनिक सहयोग मिलता रहेगा।



## नगर निगम की खाली जमीन अब जनहित में होगी उपयोगी



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद की वर्षों से खाली पड़ी और अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि अब जनहित में नई योजनाओं का आधार बनेगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने विजयनगर स्थित अकबरपुर बहरामपुर और मोहन नगर क्षेत्र की मेवला अगरी की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों को इन भूमियों को समुदाय हित में योजनाबद्ध उपयोग में लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। अकबरपुर बहरामपुर की खसरा संख्या 158 की करीब चार एकड़ भूमि पर नगर आयुक्त ने पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए। यह भूमि निगम के भारी वाहनों एवं अन्य कार्यालयीय कार्यों के लिए पार्किंग जोन के रूप में उपयोग में लाई जाएगी, जिससे शहर में ट्रैफिक दबाव भी कम होगा। मोहन नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मेवला अगरी में निगम की करीब 32 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें से रेनिवेल क्षेत्र की लगभग 10 एकड़ भूमि पर एक विशाल गौशाला स्थापित करने की योजना बनाई गई है। नगर आयुक्त ने भूमि की पैमाइश और बाउंड्री कराने के निर्देश दिए हैं ताकि इस सार्वजनिक हित की योजना को जल्द मूर्त रूप दिया जा सके। निरीक्षण दल में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर, नगर आयुक्त कार्यालय के अधिकारी अवनींद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने टीम को निर्देशित किया कि जो भी भूमि निगम की है, और अब अतिक्रमण से मुक्त हो चुकी है, उसकी योजना अनुसार उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने संपत्ति विभाग से संबंधित भूमि की अद्यतन स्थिति और उपयोगिता संभावनाओं की रिपोर्ट तलब की है, जिससे निर्णय के आधार पर जल्द निर्माण व उपयोग की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

## डासना जिला कारागार में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बंदी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शिक्षा की लौ अगर जलती है, तो अंधेरे में भी उजाले की किरण दिखाई देती है। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को डासना जिला कारागार के सभागार में देखने को मिला, जहां परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बंदी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे समाज की नींव होते हैं। यदि वे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें, तो वे अपने माता-पिता ही नहीं, पूरे राष्ट्र का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के मनोबल और आत्मबल को प्रज्वलित करने वाला कदम बताया।

## यशोदा अस्पताल कौशांबी में ऑपरेशन के बाद बिगड़ी मरीज की हालत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशांबी में उपचार के दौरान 38 वर्षीय उज्जवल चौधरी की मौत के मामले ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को नवयुग मार्केट में आयोजित प्रेसवार्ता में मृतक उज्जवल चौधरी के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। प्रेसवार्ता में उज्जवल की पत्नी ईशा चौधरी, बेटियां वाणी व अवनी और भाई अर्पित चौधरी ने आरोप लगाया कि उज्जवल को 23 मई को हर्निया की सर्जरी के लिए यशोदा अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने इसे छोटा और साधारण ऑपरेशन बताया था, लेकिन रोबोटिक तकनीक से की गई यह सर्जरी 5 घंटे तक चली। ऑपरेशन के दौरान आत में कट लग गया, जिसे छुपाया गया। बाद में



संक्रमण बढ़ता गया, लेकिन डॉक्टरों ने समय रहते इलाज नहीं किया। परिजनों ने बताया कि 29 मई को उज्जवल की हालत बिगड ? पर जांच कराई गई, जिसमें 22 मिलीमीटर की आत में छेद और पेट में फ्लूड भराव पाया गया। मरीज को वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया, लेकिन 31 मई को उनकी मृत्यु हो गई। मंच से उज्जवल की बेटियों ने रोते हुए कहा कि हम पापा के लिए न्याय चाहते हैं। हमारे पापा लौटकर नहीं आएंगे, लेकिन जो उनके साथ हुआ वह किसी और के साथ न हो। पत्नी ईशा चौधरी ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन की मिलीभगत से सच्चाई छुपाई जा रही है। परिवार ने बताया कि गाजियाबाद के संबंधित थाने में शिकायत दी गई है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। मृतक के भाई अर्पित चौधरी का कहना है कि हमने अधिकारियों से मिलकर गुहार लगाई, लेकिन अस्पताल मालिक की पहुंच इतनी ऊपर तक है कि हमारी कोई नहीं सुन रहा। अगर न्याय नहीं मिला तो हम बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशांबी के निदेशक डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने इस प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम उज्जवल चौधरी की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। उनका उपचार अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा मानकों के अनुरूप किया गया। जटिलताओं की संभावना किसी भी सर्जरी में होती है, लेकिन हमारे डॉक्टरों ने स्थिति को संभालने का हरसंभव प्रयास किया। परिवार की शिकायतों का सम्मान करते हुए हम जांच में सहयोग के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

## ढबारसी कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को ढबारसी स्थित कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर कचरे के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि कार्य की रफ्तार में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बताया कि ढबारसी यूनिट पर हर दिन लगभग 900 से 1000 टन कचरे का प्रोसेसिंग कार्य किया जा रहा है, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में स्पष्ट सुधार हो रहा है। यूनिट पर सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि यूनिट में आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि काम की रफ्तार और क्षमता दोनों में इजाफा हो सके। मौके पर उपस्थित ठेकेदार शुभम गोयल (श्रीजी कॉल कंपनी) को नगर आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि कार्य की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। अधिक आधुनिक उपकरण लगाए जाएं, श्रमिकों की संख्या में इजाफा हो और 24 घंटे मॉनिटरिंग प्रणाली सुनिश्चित की जाए। इस निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी साथ रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि ढबारसी कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट तक जाने वाले मार्ग की पैमाइश का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही ढाई करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यह मार्ग न केवल निगम कार्यों को सुचारु बनाएगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को भी बेहतर आवागमन का लाभ मिलेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम की ओर से स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम के प्रयासों में कहीं भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और सभी जिम्मेदार अधिकारियों को यूनिट की नियमित निगरानी और सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार स्वच्छता अभियान को सशक्त दिशा देने का कार्य कर रहा है।

## पार्षद करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ, निगम अधिकारियों की चालबाजी का करेंगे पदार्फाश

**गाजियाबाद।** नगर निगम की बोर्ड बैठक में 30 जून को सर्वसम्मति से हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन ने उस निर्णय की अधिकारिक प्रति (मिनट्स की कॉपी) पार्षदों को अब तक उपलब्ध नहीं कराई है। इससे आक्रोशित पार्षदों ने तीन दिन और तीन रात का धरना भी दिया। नगर आयुक्त के लिखित आश्वासन के बाद भले ही धरना समाप्त हुआ, परंतु निगम प्रशासन की टालमटोल और बहानों की राजनीति अब भी जारी है। पार्षदों के अनुसार मिनट्स की कॉपी ना देने के लिए नगर निगम अधिकारी कभी किसी के छुट्टी पर होने का बहाना बनाते हैं, तो कभी परिसर में लगी आग और लाइट न होने का हवाला देते हैं।

## श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय ने सीबीएसई हॉकी प्रतियोगिता में गाजियाबाद जिले का किया नाम रोशन



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 रामपुर में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें बरेली मथुरा देहरादून उत्तराखंड हरिद्वार रामपुर गाजियाबाद मुरादाबाद उत्तराखंड के आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया जिसमें नॉर्थ जोन 1 के सभी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 बालिका वर्ग में 20 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें गाजियाबाद की तरफ से श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय हॉकी टीम ने अंडर 17 गर्ल्स कैटेगरी मैं प्रतिभा करते हुए रामपुर में सभी टीमों को एक तरफ मात देते हुए फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल देहरादून और ठाकुरद्वारा के बीच खेला गया जिसमें मैच ड्रॉ पर रहा और फाइनल शूटआउट में ठाकुरद्वारा को एक जीरो का सामना करना पड़ा सीबीएसई नॉर्थ जोन के सिल्वर मेडल को अपने झोली में डाल लिया इसी के साथ अंडर 17 मैं बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का अवार्ड अनुष्का शर्मा को मिला। स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम शर्मा जी ने टीम का भव्य स्वागत किया और बच्चोंका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 67 उद्यमियों को उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2025 में भागीदारी का लक्ष्य

**गाजियाबाद।** प्रदेश के निर्यातकों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 25 से 29 सितंबर 2025 तक भारत प्रदर्शनी भवन, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। इस वर्ष जनपद गाजियाबाद से नए निर्यातकों के लिए 25 तथा स्थायी (नियमित) निर्यातकों के लिए 14 उद्यमियों को भागीदारी हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए निर्यातकों को नौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल का प्रदर्शनी कक्ष (स्टॉल) पंद्रह हजार रुपये शुल्क पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह राशि उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद के बैंक ऑफ बड़ौदा, छावनी मार्ग, लखनऊ स्थित खाते (खाता संख्या 28100100012615, बैंक पहचान कोड बीएआरबी0एलसीएएनबीएस) में जमा की जा सकती है। स्थायी निर्यातकों के लिए बनाए गए प्रदर्शनी कक्ष का शुल्क प्रति वर्ग मीटर सात हजार रुपये तथा बिना निर्माण वाले स्थान (कच्चे स्थान) का शुल्क प्रति वर्ग मीटर छह हजार पाँच सौ रुपये रखा गया है। ऐसे निर्यातक बीस हजार रुपये अग्रिम राशि के रूप में भारत प्रदर्शनी भवन लिमिटेड के फेडरल बैंक, नोएडा स्थित चालू खाता संख्या 13400200032149 (बैंक पहचान कोड एफडीआरएल0001340) में मांग पत्र (डिमांड ड्राफ्ट) अथवा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक कोष अंतरण (एनईएफटी) के माध्यम से जमा करके अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। शेष राशि 15 अगस्त 2025 तक जमा करना आवश्यक होगा।

## देश का भविष्य देश की प्रतिभाशाली युवा शक्ति के हाथों में सुरक्षित है : डॉ आचार्य कृति शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबादः** सीरीन समिति के द्वारा नोएडा सेक्टर 62 के ऊटए विश्वविद्यालय में आयोजित मॉक पार्लियामेंट और यूनाइटेड नेशंस मॉडल के दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कौशांबी निवासी डॉ आचार्य कृति शर्मा सम्मिलित हुई और सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए बताया की किस प्रकार उनके विद्यार्थी जीवन के मुकाबला आज का युवा ज्यादा जागरूक है चाहे वह कोई राजनीतिक विषय हो सामाजिक विषय हो आर्थिक विषय हो या टेक्नोलॉजी का विषय हो आज का युवा सवाल पूछना भी जानता है और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग है। अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सामाजिक सेवा से जुड़ी रही डॉक्टर आचार्या कृति शर्मा ने बताया की किस तरह आज का युवा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना जानता है और जाती पाती जैसी विभाजनकारी सोच से आगे बड़ चुका हैं प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित डॉ आचार्या कृति शर्मा ने बताया की यह सदी भारत की सदी हैं, हिंदुस्तान की सदी हैं, सनातन की सदी हैं और इसके लिए भारत का युवा पूरी तरह से तैयार है विश्व का नेत्रत करते हुए व भारत मां को फिर से विश्व गुरु के आसन पर विराजमान करने के लिए।

युवा शक्ति को उन्होंने तनाव से बचने के उपाय भी बताये और अपने ₹ तनाव मुक्त जीवन₹ से जुड़ने का आमंत्रण भी दिया। उनके संबोधन को छात्रों ने बेहद सराहा, खूब तालियां बजाई और फिर से अगले कार्यक्रम में आने का आग्रह भी किया कार्यक्रम के आयोजक दल हृषिक लाडिया, ईवा उनियाल, रिद्धिमा कौशिक, स्तुति गोयल, समाइरा कंधारी दिशिका राठी और लक्षय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में युवा शक्ति उपस्थित रही।



## लोनी में चोरों का तांडव, किराना दुकान से लाखों का माल उड़ाया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की राहुल गार्डन कॉलोनी में बीती एक जुलाई की रात चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान और नगदी पार कर दी। चोर दुकान की ऊपर की खिड़की को उखाड़कर भीतर घुसे और छह हजार रुपये के सिक्कों, 72 हजार रुपये नकद, तंबाकू, सिगरेट, तार और अन्य महंगे सामान पर हाथ साफ कर गए। इस वारदात का शिकार बने पीड़ित रवि एक ओला चालक हैं, जबकि उनकी पत्नी नंदिनी किराना दुकान संचालित करती हैं। नंदिनी के अनुसार, घटना वाली सुबह जब उनके पति दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान की खिड़की टूटी हुई थी और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उन्होंने तुरंत आसपास जानकारी जुटाई, तो शक की सुई कॉलोनी के ही दो युवकों पर जाकर टिक गई। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने न तो मौके पर जांच की और न ही रिपोर्ट दर्ज की। थाने में लगातार चक्कर काटने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने पुलिस आयुक्त कार्यालय में अपनी फरियाद लेकर पहुंचने का निर्णय लिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने संज्ञान लिया होता, तो आरोपी पकड़े जा सकते थे। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।